Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 257 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 04 अप्रैल 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



महापुरुष वे ही हैं जो समचित, क्षमावान, शील सम्पन्न और परोपकारी है।
He is the great man who is even mind, forgiving, complete and beneficent.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### गृहमंत्री अमित शाह का दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा



**रायपुर (विसं)।** देश के गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की जा रही है। श्री शाह के तय कार्यक्रम के अनुसार वे कल 4 अप्रैल को दिल्ली से शाम 7.15 बजे रायपुर के लिए रवाना होंगे। रात्रि 9.30 बजे वे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और होटल मेफेयर रिसार्ट नवा रायपुर में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 5 अप्रैल को सुबह 10.50 बजे रायपुर से रवाना होकर दंतेवाड़ा जाएंगे और कार्यक्रमों में भाग लेंगे। शाम को 4.15 बजे जगदलपुर से विमान द्वारा रवाना होकर शाम 5 बजे एयरपोर्ट रायपुर आएंगे। यहां से वापस होटल मेफेयर रिसार्ट रवाना हो जाएंगे। शम 5.20 बजे 7.20 बजे का समय रिजर्व रखा गया है। शाम 7.45 बजे वे एयरपोर्ट आएंगे और विमान सेवा से दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

### लालू प्रसाद यादव दिल्ली के एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव खराब तबीयत के कारण दिल्ली के एम्स में दाखिल हैं। इस बीच उन्होंने एक पोस्ट में लिखा, संघी-भाजपाई नादानोंत्तुम मुसलमानों की जमीनें हड़पना चाहते हो लेकिन हमने सदा वक्फ की जमीनें बचाने के लिए कड़ा कानून बनाया है और बनवाने में मदद की है।

**योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण हेतु अभिनंदन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

# प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की प्राचीन विधा योग को विश्वपटल पर किया स्थापित : विष्णुदेव साय



**स्वस्थ तन-मन के लिए योग को करें अपनी दिनचर्या में शामिल : मुख्यमंत्री साय**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** योग आत्मा, मन और शरीर को संतुलित करने का सबसे बड़ा माध्यम है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्वपटल पर स्थापित किया और आज पूरी दुनिया भारत की इस प्राचीन विधा को अपनाकर आरोग्य की प्राप्ति कर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री रूपनारायण सिन्हा के पदभार ग्रहण हेतु अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित गरिमामयी समारोह में मुख्यमंत्री श्री साय ने संतों का अभिवादन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने योग आयोग के नव-नियुक्त अध्यक्ष श्री सिन्हा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री सिन्हा को छत्तीसगढ़ को जोड़ने और स्वस्थ रखने की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जनसेवा को समर्पित उनका सामाजिक जीवन और सांगठनिक दायित्वों के लंबे अनुभव का लाभ योग आयोग के साथ ही प्रदेशवासियों को भी मिलेगा। 2017 में स्थापित योग आयोग की अब तक की यात्रा शानदार रही है और श्री सिन्हा के नेतृत्व में यह नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में योग ऋषि-मुनियों की देन है और वे इस सुंदर परंपरा के संवाहक भी हैं। योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है और इसका अर्थ है जुड़ना या एकजुट होना, जो शरीर और चेतना के मिलन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही योग रूपी इस चेतना का विश्वभर में विस्तार हुआ और संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने को मान्यता दी। श्री साय ने कहा कि योग विश्वभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी से अपील करते हुए कहा कि हमें स्वस्थ तन-मन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए और भावी पीढ़ी को योग से जोड़कर इसका महत्व समझाना चाहिए।

योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री रूपनारायण सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग सभी के लिए है और सभी को जोड़ने का काम करता है। संगठन में काम करते हुए सदैव मैंने लोगों को जोड़ने का कार्य किया है और आज मुझे योग आयोग के माध्यम से सभी को जोड़ने की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रकृति में अनेक महत्वपूर्ण संपदाएं उपलब्ध हैं, परंतु इनमें सर्वश्रेष्ठ मानव संपदा है। मुख्यमंत्री जी ने मुझे मानव संपदा को स्वस्थ रखने का जिम्मा सौंपा है और इसे पूरा करने के लिए योग को जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। हमारे प्रधानमंत्री जी नियमित योग करते हैं। उनकी ऊर्जा और कार्यक्षमता से आज सारी दुनिया वाकिफ है। श्री सिन्हा ने योग की विश्वव्यापी लोकप्रियता और प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए।

# राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश

## कांग्रेस सांसदों का हंगामा, अनुराग ठाकुर पर कार्रवाई की मांग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन विधेयक 20242 लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार (3 अप्रैल) को राज्यसभा में पेश किया गया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सदन में वक्फ बिल की जरूरत और उसके महत्व से अवगत कराया। इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष, मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कहा, कल बुधवार को लोकसभा में उन्होंने मेरा नाम लेकर वक्फ की जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है। उन्हें यह साबित करना होगा।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि वक्फ संशोधन बिल व्यापक चर्चा के बाद तैयार किया गया है। जेपीसी और मुस्लिम संगठनों से मिले सुझावों को भी शामिल किया गया है। लोकसभा में देर रात तक चर्चा के बाद इसे पारित कर दिया गया है।

रिजिजू ने कांग्रेस सरकार में गठित कमेटियों और सच्चर कमेटी की सिफारिशों का भी जिक्र किया। कहा, आप जो नहीं कर सके, हमने वह करने की हिम्मत दिखाई है। बिल का समर्थन करें। हम कोई नया काम नहीं कर रहे। पहले भी ऐसा हुआ है। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में छ्रब्य सांसद गुरुवार को काले कपड़े पहनकर संसद भवन पहुंचे। उन्होंने इस बिल को विरोध करते हुए कहा, लोकसभा द्वारा पारित यह एक कठोर कानून है।

वक्फ अधिनियम वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाला कानून है। 1995 के इस कानून को और सशक्त बनाने के लिए मोदी सरकार वक्फ संशोधन बिल 2024 लेकर आई है। विपक्ष की सलाह पर जेपीसी (ज्वाइंट पालिर्यामेंट्री कमेटी) के पास भेजा गया। कुछ संशोधनों के साथ अब फिर इस बिल को संसद में पेश किया गया है। वक्फ संपत्तियां इस्लाम के अनुयायियों द्वारा दान की जाती हैं और समुदाय के सदस्यों द्वारा प्रबंधित की जाती हैं। हर राज्य में वक्फ बोर्ड होता है, जिसे कानूनी तौर मान्यता दी गई है। वक्फ संपत्तियों का अधिग्रहण, रख रखाव और हस्तांतरण वक्फ बोर्ड ही करता है। इन्हें स्थायी रूप से बेचा या लीज पर नहीं दिया जा सकता। मुस्लिम समुदाय की यह सार्वजनिक सम्पत्तियां होती हैं।

# संसद में वक्फ विधेयक को जबरन पारित किया गया, यह संविधान पर सीधा हमला है : सोनिया गांधी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में इसे संविधान पर सीधा हमला बताया और कांग्रेस सांसदों से कहा कि वे भाजपा शासित एनडीए सरकार की नाकामियों को आक्रामकता के साथ उजागर करें। सोनिया गांधी ने कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में कहा कि वक्फ विधेयक को जबरदस्ती संसद से पास कराया गया। उन्होंने कहा, यह विधेयक संविधान पर सीधा हमला है। यह समाज को हमेशा बांटकर रखने की भाजपा की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पर भी कड़ी आपत्ति जताई और इसे संविधान के साथ छेड़छाड़ बताया।

सोनिया गांधी ने कहा कि दो साल पहले संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित हुआ था, लेकिन अब तक इसमें एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण देने की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यूपीए सरकार के समय शुरू किए गए चार प्रमुख कानून- सूचना का अधिकार (आरटीआई), मनरेगा, वन अधिकार कानून और भूमि अधिग्रहण कानून को वर्तमान सरकार कमजोर कर रही है। 2013 में लागू राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून से 80 करोड़ लोगों को लाभ मिल रहा है, लेकिन जनगणना न होने के कारण 14 करोड़ लोग अपने अधिकार से वंचित रह गए हैं।

### भूपेश बघेल के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

**रायपुर (विसं)।** सीबीआई ने महादेव बेटिंग एप मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आरोपी बनाया है. इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें भूपेश बघेल छठवें आरोपी के रूप में नामित हैं. कुल 21 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, जिनमें महादेव एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल भी शामिल हैं. सीबीआई की एफआईआर में रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर, असीम दास, सतीश चंद्राकर, चंद्रभूषण वर्मा और भीम सिंह को भी आरोपी बनाया गया है.

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र रायगुड़ेम में पेड़ के नीचे लगाई चौपाल

**ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, कई विकास कार्यों की घोषणा**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार किसी उपमुख्यमंत्री ने सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित अति संवेदनशील क्षेत्र रायगुड़ेम का दौरा किया। उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने गुरुवार को रायगुड़ेम पहुंचकर न केवल सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि वहां चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री के दौरे से रायगुड़ेम के लोगों में नई उम्मीद जगी है। चौपाल में चर्चा के दौरान ग्रामीण अपने गांव के विकास और जीवन स्तर में बदलाव को लेकर बेहद आशान्वित दिखे।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा कोंटा विकासखंड स्थित रायगुड़ेम कैंप पहुंचे, जहां उन्होंने सीआरपीएफ जवानों से मुलाकात की। इसके बाद वे बाइक पर सवार होकर दुर्गम इलाकों से गुजरते हुए ग्रामीणों के बीच पहुंचे और खुले मैदान में पेड़ के नीचे जनचौपाल लगाई। चौपाल के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी हर समस्या का समाधान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 10 अप्रैल से प्रशासनिक शिविर लगाकर सभी ग्रामीणों के आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी, आयुष्मान कार्ड, और जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने गांव में बिजली पहुंचाने, सड़क निर्माण कार्य तेज़ी से पूर्ण कराने, सिंचाई के लिए स्टॉपडेम बनाए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को खेती के लिए बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। तेंदूपत्ता की खरीदी होगी। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं बेहतर बनाया जाएगा।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बैंकॉक में जोरदार स्वागत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को बैंकॉक पहुंचे। उनका भारतीय प्रवासियों ने मोदी मोदी और वंदे मातरम के नारे लगातार गर्मजोशी से स्वागत किया। थाईलैंड के उप-प्रधानमंत्री सूरिया जुंगरुंगरेंगकिट सहित कई अन्य शीर्ष अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, बैंकॉक, थाईलैंड में उतरा। आगामी आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग लेने, भारत और थाईलैंड के बीच सहयोग के बंधन को मजबूत करने के लिए उत्सुक हूं। प्रधानमंत्री मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए थाईलैंड में हैं। वह 4 अप्रैल को क्षेत्रीय नेताओं के साथ सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे।

# गृह मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट, अब नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 6

**गृह मंत्री अमित शाह बोले, नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में देश ने नई उपलब्धि हासिल की**




**रायपुर/ दिल्ली (आरएनएस)।** एंटी नक्सल ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को मिल रही सफलता से कई इलाके नक्सल मुक्त होने की कगार में है. केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है. गृह मंत्रालय ने नक्सल प्रभावित जिलों की ताजा समीक्षा रिपोर्ट जारी किया है. रिपोर्ट के मुताबिक अब नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 रह गई है.

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए देश ने नई उपलब्धि हासिल की है. शाह ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही है. नक्सल प्रभावित जिलों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई गई है, जिससे वामपंथी उग्रवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटाकर मात्र 6 रह गई है.

गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में छत्तीसगढ़ के बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का गढ़चिरौली शामिल हैं. केंद्र सरकार का मानना है कि सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई, नए सुरक्षा शिविरों की स्थापना और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से नक्सली गतिविधियों में कमी आई है. केंद्र सरकार उग्रवाद के खिलाफ कठोर दृष्टिकोण अपनाते हुए इसे जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है.

रिपोर्ट के मुताबिक नक्सल प्रभावित जिलों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई गई है. इसके अलावा सड़कों के विस्तार, परिवहन सुविधाओं, बिजली, पानी और शासन की अन्य योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया गया है. गृह मंत्रालय के अनुसार, भारत के कुल 38 नक्सल प्रभावित जिले हैं. इनमें सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 रह गई. डिस्ट्रिक्ट ऑफ कन्सर्न की संख्या 9 से घटकर 6 हुई. केंद्र सरकार नक्सल प्रभावित जिलों के विकास के लिए विशेष केंद्रीय सहायता योजना चला रही है.

# एनएमडीसी स्टील ने 2 मिलियन टन से अधिक हॉट मेटल का उत्पादन किया, वित्त वर्ष 2024-25 उपलब्धियों का वर्ष रहा

एन एम डी सी स्टील
NMDC STEEL



**नगरनार (विश्व परिवार)।** 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष 2024-2025 में दो मिलियन टन से अधिक हॉट मेटल का उत्पादन कर एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) के नगरनार स्थित एकीकृत स्टील प्लांट ने अपनी स्थिरीकरण यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह उपलब्धि पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) की तुलना में हॉट मेटल उत्पादन में 100 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है, जब प्लांट ने अपने संचालन के पहले साढ़े सात महीनों में 966,468 टन उत्पादन किया था।

अपने संचालन के दूसरे वर्ष में ही अपनी निर्धारित क्षमता का 60 प्रतिशत उत्पादन का आकड़ा प्राप्त करने के बाद, प्लांट चालू वित्तीय वर्ष में हॉट मेटल उत्पादन की 3.3 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की निर्धारित क्षमता तक पहुँचने के लिए अच्छी स्थिति आ गया है। 15 अगस्त 2023 को कमीशन हुए हस्रु स्टील प्लांट अपनी निर्धारित क्षमता की ओर लगातार बढ़ रहा है। यह एक मजबूत विकास प्रक्षेपवक्र का प्रदर्शन करता है और परिचालन उत्कृष्टता के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

पिछले वित्तीय वर्ष में NSL ने अपनी बाजार उपस्थिति को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की। पिछले वित्त वर्ष के अधिकांश समय में चुनौतीपूर्ण बाजार परिदृश्य से निपटने के बावजूद और प्लांट गेट पर ट्रांसपोर्टरों के विरोध के कारण दो सप्ताह के उत्पादन और प्रेषण व्यवधान के बावजूद, NSL ने 1.45 मिलियन टन से अधिक हॉट रोल्ड (HR) कॉइल और शीट्स का विपणन करने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। यह पिछले वित्त वर्ष (2023-24) की तुलना में बिक्री की मात्रा में 300 प्रतिशत से अधिक की पर्याप्त वृद्धि दर्शाता है, जो NSL के बढ़ते ग्राहक आधार और मजबूत बाजार स्थिति को दर्शाता है।

NSL ने मार्च 2025 में रिकॉर्ड 2,29,874 टन हॉट रोल्ड कॉइल (HRC) भेजकर एक और रिकॉर्ड बनाया, जो उत्पादन शुरू होने के बाद से सबसे अधिक मासिक प्रेषण है। मार्च 2025 में 4 लिबरलाइज्ड स्पेशल फ्रेट ट्रेन ऑपरेटर रेक (एलएसएफटीओ रेक) की रणनीतिक भागीदारी ने लगभग 40,000 टन एचआर कॉइल्स को डिस्पैच किया, जिसने डिस्पैच क्षमता की उल्लेखनीय वृद्धि में योगदान दिया। मार्च का मील का पत्थर फरवरी 2025 में हासिल किए गए पिछले मासिक सर्वश्रेष्ठ 1,41,207 टन से 63 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

अधिक एलएसएफटीओ रेक जोड़ने की योजना के साथ, एनएसएल एचआर कॉइल डिस्पैच क्षमताओं को और मजबूत करने के लिए तैयार है, जिससे बढ़ी हुई दक्षता का मार्ग प्रशस्त होगा और इस तरह ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि होगी।

मंदी के बाजार के बावजूद टीम के उल्लेखनीय प्रदर्शन से उत्साहित, श्री अमिताव मुखर्जी, सीएमडी, एनएमडीसी और एनएसएल ने भी एनएसएल में अपने विश्वास की पुष्टि की, हमारी स्टील टीम मजबूत हो रही है और प्रत्येक गुजरते दिन के साथ मील के पत्थर पार कर रही है। मुझे विश्वास है कि उनके समर्पित प्रयास और उत्साह से हम जल्द ही रेटेड क्षमता तक पहुँच जाएंगे, और साथ साथ EBIDTA पॉजिटिव बनने की ओर बढ़ेंगे। यह एनएसएल के लिए उल्लेखनीय उपलब्धियों का वर्ष रहा है।

# भारतीय रेल का नया कीर्तिमान, बीते वित्त वर्ष में बनाए 7,134 कोच

**2014 से 2024 के बीच कोच उत्पादन का आंकड़ा 54,809 पहुंचा**

**आम आदमी का ध्यान रखकर नॉन एसी कोचों के उत्पादन में वृद्धि**

**कोच निर्माण में दुनिया का अग्रणी देश बनकर उभरा भारत**



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** भारतीय रेल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7,134 कोचों का निर्माण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह संख्या पिछले वर्ष 6,541 कोचों के उत्पादन की तुलना में करीब 9 प्रतिशत अधिक है। आम आदमी का ध्यान रखते हुए गैर वातानुकूलित कोचों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पिछले वित्त वर्ष में 4,601 नॉन एसी कोच का उत्पादन हुआ। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारतीय रेल की उत्पादन क्षमता में लगातार हो रही वृद्धि को दर्शाती है, जो बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है। इससे रेल सेवाएं अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और कुशल बनेंगी। जिससे यात्रियों को बेहतर यात्रा का अनुभव मिलेगा।

भारतीय रेल की तीन कोच निर्माण इकाइयां हैं। जिसमें तमिलनाडु के चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF), पंजाब के कपूरथला में रेल कोच फैक्ट्री (RCF) और उत्तर प्रदेश के रायबरेली में मॉडर्न कोच फैक्ट्री (MCF) शामिल है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF) ने वर्ष 2024-25 में पिछले उत्पादन रिकॉर्ड को तोड़ने हुए 3,007 कोच का उत्पादन किया है।

इंटीग्रल कोच फैक्ट्री ICF, चेन्नई, तमिलनाडु- कोच उत्पादन (वर्ष 2023-24)- 2,829, (वर्ष 2024-25)-3,007, कोच उत्पादन में वृद्धि- +178. रेल कोच फैक्ट्री (RCF),कपूरथला, पंजाब-कोच उत्पादन (वर्ष 2023-24)- 1,901, (वर्ष 2024-25)-2,102, कोच उत्पादन में वृद्धि-+201. मॉडर्न कोच फैक्ट्री (MCF),रायबरेली, उत्तर प्रदेश-कोच उत्पादन (वर्ष 2023-24)- 1,684, (वर्ष 2024-25)- 2,025, कोच उत्पादन में वृद्धि-+34.

पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय रेल ने कोच निर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है। 2004 से 2014 के बीच प्रति वर्ष औसतन 3,300 कोच के करीब था। वहीं 2014 से 2024 के बीच कोच उत्पादन का आंकड़ा रिकॉर्ड बढ़ोतरी के साथ 54,809 पहुंच गया, जिसका औसत 5,481 कोच रहा है। कोच निर्माण क्षेत्र में यह वृद्धि भारतीय रेल द्वारा आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में निर्णायक है। इसका उद्देश्य घरेलू निर्माण क्षमता को मजबूत करना, आयात पर निर्भरता को कम करना और रेलवे संरचना में अत्याधुनिक तकनीक को अपनाना है। रेल कोच निर्माण में भारतीय रेल की यह उपलब्धि 'मेक इन इंडिया' पहल को नया आयाम देती है। साथ ही विश्व पटल पर भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करती है।

कोच उत्पादन में भारतीय रेल की सफलता 'मेक इन इंडिया' पहल का हिस्सा है, जो रेल ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को और अधिक कुशल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एडवांस तकनीक से लैस आधुनिक कोच यात्रियों को ज्यादा आराम, अधिक स्थान और अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान कर रहे हैंगे। इससे यात्रा का अनुभव और ज्यादा आरामदायक बन रहा है। इसके साथ ही उच्च उत्पादन क्षमता से ट्रेनों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

# रातों रात सड़क पर बन गया 30 फीट का गड्ढा सोनारपाल गांव में दहशत और कौतूहल का माहौल

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** बस्तर सम्भाग मुख्यालय जगदलपुर से लगभग 32 किमी. दूर सोनारपाल गांव में एक अजीब घटना सामने आई है। रास्ते से जा रहे लोगों की नजर अचानक सड़क पर पड़ी तो जमींन अपने आप जमींदोज हो गई थी। एक सुरंगनुमा 30 फीट गहरा और 15 फ़ीट गोलाकार गहरा गड्ढा बन गया है।



मिली जानकारी के अनुसार, इस गांव मे पहले भी इस प्रकार की घटना घट चुकी है। जहां गहरा गड्ढा हुआ, उसके बगल से गांव की ओर आने जाने वाली सड़क है। उससे लगी पूरी जमीन खाई में तब्दील हो गई। इस घटना के बाद गांव में ग्रामीणों में कौतूहल और भय का वातावरण बना हुआ है। गांव के लोग यह नहीं समझ पा रहे हैं कि, आखिऱ जमीन देर रात कैसे धंस गई। इधर अपने आप बने गहरे गड्ढे को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं। गांव में घटी इस अजीबो गरीब घटना के बाद उस क्षेत्र को पूरा घेरा बना दिया है। पुलिस सहित सर्म्बंधित विभाग को सूचना भी दे दी गई है। इलाके में यह भी चर्चा का विषय है कि, जिस प्रकार चारों ओर से बड़ा गड्ढा हुआ है, क्या एलियन या उनका विमान तो नहीं उतरा है। या फ़िर कोई पुरानी सुरंग का द्वार तो नहीं खुल गया है। या कोई ये भूगर्भीय घटना तो नहीं।

**भूगर्भीय घटना को ग्रामीण एलियन्स से जोड़ रहे-** बता दें कि, बस्तर के कुछेक स्थानों में पत्थरों पर उकेरे गए कई प्राचीन चित्र भी मिलने की खबरे सामने आती रहती हैं। जिनकी तुलना एलियंस से की जाती रही है। बहरहाल इलाके में घटी इस अजीब घटना को लेकर ग्रामीण इसे देवी देवताओं से भी जोडकर देख रहे हैं। लेकिन कुछ बोलने से बच रहे हैं। अब अचानक बने 30 फ़ीट के सुरंग को लेकर सवाल काफ़ी उठ रहे हैं कि, आखिर यह हुआ कैसे।

## इस क्षेत्र को सुविधाओं से वंचित रखा गया, अब ऐसा नहीं होगाः विजय शर्मा

**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा कोंटा विकास खंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि, यदि नक्सली शांति चाहते हैं, तो हम भी गोली नहीं चलाएंगे। हम शांति वार्ता के लिए तैयार हैं। आगे उन्होंने कहा-जंगलों में हमारे जवान बहादुरी के साथ लड़ रहे है। गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा- नक्सली शांतिवार्ता चाहते है तो हम भी गोली नहीं चलाना चाहते है। सरकार शांतिवार्ता के लिए तैयार है, लेकिन शर्तों के साथ बातचीत संभव नहीं । इन इलाकों को सुविधाओं से वंचित रखा गया था। लेकिन जवानों की भुजाओं के बदौलत सारी सुविधाएं मिलेगी ।

**पहली बार नक्सलगढ़ में किसी मंत्री का दौरा** - सुकमा जिला के कोंटा विकास खंड के अतिसंवेदनशील इलाके में आज गृह मंत्री विजय शर्मा पहुंचे है। ज्ञात हो कि, आज़ादी के बाद पहली बार नक्सलगढ़ रायगुड़म कोई मंत्री पहुँचे है। कोंटा विकास खंड के जगरगुंडा इलाके में मौजूद रायगुड़म में जवानों से डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने मुलाक़ात की। जवानों के साथ बाइक पर सवार होकर डिप्टी सीएम ग्रामीणों से मिलने



शिविर स्थल पहुंचे। जमीन में बैठ ग्रामीणों से चर्चा कर उनके समस्याओं को जाना।

**लंबे समय बाद मिली नक्सलवाद से आजादी** - इस दौरान उनके साथ बस्तर आईजी पी. सुंदरराज, सीआरपीएफ डीआईजी सुरजपाल वर्मा, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण चव्हाण, ज़िला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, सीआरपीएफ़ कमांडेंट नवीन मौजूद है ।

बता दें कि लम्बे समय से रायगुड़म का इलाक़ा नक्सलियों के क़ब्ज़े में रहा है, जहां सुरक्षा बलों की कैंप स्थापित कर इस इलाके में अमन चैन का माहौल सुरक्षा बलों एवम जिला प्रशासन द्वारा बनाने का प्रयास लगातार जारी है । साथ ही नक्सलियों कॉरिडोर कहे जाने वाले इस इलाके में विकास कार्यों के साथ सभी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है ।

## भाजपा ने कोरबा जिले में दर्ज की ऐतिहासिक जीत संगठन की मजबूती पर दिया जोरः मनोज शर्मा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नगर निकाय चुनावों में शानदार प्रदर्शन करते हुए नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में जीत दर्ज की है। इस ऐतिहासिक सफलता के बाद जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने प्रेस क्लब में प्रेस क्लब के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और संगठन की मजबूती एवं अन्य विषयों पर चर्चा की। भाजपा ने नगर निगम कोरबा, नगर पालिका दीपका, नगर पालिका बांकीमोंगरा, नगर पंचायत पाली, नगर पंचायत छुरी में जीत हासिल कर अपनी राजनीतिक पकड़ को मजबूत किया है, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि कोरबा जिले के पांच जनपद कोरबा, करतला, पाली, कटघोरा एवं पोड़ी-उपरोड़ा में भी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए हैं। जिला पंचायत कोरबा के भी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूत रणनीति का परिणाम है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि पार्टी हमेशा जांच-परख के बाद ही नए सदस्यों को शामिल करती है। संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है और जो भी पार्टी की गरिमा के विपरीत कार्य करेगा, उस पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह जीत जनता के विश्वास और भाजपा की विकासोन्मुखी नीतियों का प्रमाण है। उन्होंने सभी विजयी प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी और आगे भी जनसेवा के लिए समर्पित रहने का आह्वान किया। भाजपा की इस बंपर जीत का श्रेय किस देने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि भाजपा की यह जीत संगठन की मेहनत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के जनहितकारी नीतियों का परिणाम है। नगर निगम कोरबा सहित जिले की अन्य निकायों व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में जीत दर्ज करने के पीछे भाजपा की मजबूत संगठनात्मक रणनीति और स्थानीय नेताओं की मेहनत रही।

## बालको के जीईटी हॉस्टल में धूमधाम से मनाया गया ईद

**कोरबा-बालकोनगर(विश्व परिवार)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने धूमधाम से ईद मिलन समारोह आयोजित किया। जीईटी हॉस्टल में आयोजित कार्यक्रम में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार उपस्थित थे। उन्होंने ईद की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें सांप्रदायिक सौहार्द्र, एकता, धैर्य, सहनशीलता और सदाचार की सीख देता है। बालको जीईटी हॉस्टल में सभी धार्मिक, सांस्कृतिक और परंपरा का उत्सव मनाएं जाते हैं। कंपनी के प्रयास से सभी धर्मों के कर्मचारी एकजुट होते हैं। हॉस्टल में देश के विभिन्न जगहों से आएं कर्मचारी एकदूसरे के उत्सव में बढ़-चढ़ के हिस्सा लेते हैं। कंपनी ने सामूहिकता की भावना को बढ़ावा देते हुए सामुदायिक भलाई के साथ ही अपनी आद्यौगिक यात्रा का अनूठा उदाहरण पेश किया है। बालको के जीईटी हॉस्टल में युवा अधिकारियों के रहने की अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। अत्याधुनिक जिम, लाइब्रेरी और सुरक्षित पार्किंग के अलावा बेहतरीन कैंटीन है। इनडोर गेम के साथ मनोरंजन के अनेक साधन मौजूद हैं। फ़न एंड फ़िटनेस क्लब में जिम के साथ मनोरजंन के लिए टीवी के साथ-साथ इनडोर खेल चेस, टेबल टेनिस, कैरम और पूल और आदि खेलों की उचित व्यवस्था है। समय-समय पर तीज-त्यौहार और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जो भविष्य के नेतृत्वकर्ताओं को तरोताजा बनाए रखने में मदद करते हैं। कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य के लिए लाइब्रेरी की व्यवस्था, जहां पठन-पाठन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## नगर पंचायत बिश्रामपुर के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का परिचय बैठक सम्पन्न

### उपाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह चौहान कच्छ का उद्घाटन संभाला अपना दफ्तर

### विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा आपसी सामंजस्य स्थापित कर करें कार्य

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-नगर पंचायत बिश्रामपुर में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के परिचय बैठक प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उक्त बैठक में मुख्य रूप से नगर के विकास सहित जनसरोकार से जुड़े अन्य विषयों पर चर्चा की गई द्य परिचय उपरांत सभी जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करने पर ही नगर का विकास संभव है द्य वार्ड स्तर पर किए गए कार्य की समीक्षा और निगरानी आवश्यक है , इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि तैयार और तत्पर रहें। चैत्र नवरात्र के अवसर पर विधायक भूलन सिंह ने समस्त नगरवासियों को शुभकामनाएं दीं द्य इसके साथ ही उन्होंने उपाध्यक्ष चैंबर का विधिवत् रूप से फीता काटकर उदघाटन किया द्य



उद्घाटन के बाद नवनियुक्त उपाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह चौहान ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया द्य इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव, उपाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह चौहान, सीएमओ सुशील तिवारी,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, बिश्रामपुर मण्डल अध्यक्ष कैलाश सिरदार, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, इं. विनय सिंह, नगर पंचायत चुनाव प्रभारी रितेश जायसवाल राजकिशोर चौधरी, दीनानाथ यादव, श्रीमती श्यामा पाण्डे, मोहिनी झा सहित समस्त पार्षद एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे द्य

# कुदरगढ़ महोत्सव के सम्मापन दिवस पर मुख्यमंत्री का होगा आगमन

### मां बागेश्वरी माता का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की करेंगें कामना

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-चैत्र नवरात्र के अवसर पर तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव का आयोजन 2 से 4 अप्रैल तक किया जा रहा है। महोत्सव के अंतिम दिवस 4 अप्रैल पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होगें और मां बागेश्वरी माता का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि की कामना करेंगें और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनेगा। इस अवसर पर उनके द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण किया




जायेगा। इसके साथ ही जिले के विकास को गति देने के लिए 105 करोड़ 43 लाख 51 हजार के कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया जायेगा।

सूरजपुर जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी ओडगी विकासखंड में लगभग 1500 फीट ऊंचे पहाड़ पर स्थित कुदरगढ़ में मां बागेश्वरी देवी का मंदिर हिंदू धर्म का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। पहाड़ी की चोटी पर स्थित मंदिर तक चढ़ने के लिए लगभग 900 सीढ़ियाँ हैं। सीढ़ियों से मंदिर तक पहुंच मार्ग में तीर्थयात्रियों को मनोरम वॉटरफॉल भी देखने को मिलता हैं। राजा बालम का किला,पहाड़ी से गिरता जलधारा सूरजधारा सहित विजय कुंड प्रमुख दर्षनीय स्थल है। क्वांर और चौत्र नवरात्रि के समय में यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां पर श्रद्धालु न केवल इस राज्य से बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से यहां पहुंचते हैं। इस मंदिर की मान्यता है कि जो भी भक्त यहां सच्चे में मन से पूजा करते हैं उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। नवरात्रि के दौरान यहां पर 10 दिनों तक विशाल मेले का आयोजन होता है। मां भगवती आदि शक्ति जगत जननी बागेश्वरी देवी के रूप में कुदरगढ़ के पावन धरा पर विराजमान हैं। यह मंदिर चारो तरफसे घने जंगलों और ऊंची-ऊंची पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यह स्थल अपने भौगोलिक स्थिति के कारण मनोरम वातावरण निर्मित करता है। भारत सरकार के प्रसाद योजना के तहत धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस प्रसाद योजना के तहत देश के पर्यटन स्थलों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राज्य सरकारो को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। कुदरगढ़ मंदिर के कायाकल्प के लिए इसे 'प्रसाद' योजना में भी शामिल किया गया है। इसके अलावा मां बागेश्वरी देवी के महिमा को देखते हुए इस धाम को राज्य शासन के द्वारा राज्य के पांच शक्तिपीठ को जोड़ने के लिए शक्तिपीठ परियोजना में भी शामिल किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पार्षदों ने विधायक से नियम शर्तों को हटाकर स्वतंत्र रूप से कार्य करने की मांग की



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**- नगर पंचायत विश्रामपुर के नवनिर्वाचित पार्षदों ने प्रेम नगर विधायक फूलन सिंह मरावी को संयुक्त हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में लगे नियम शर्तों को हटाकर पार्षदों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने की अनुमति प्रदान की जाए ताकि वार्डों में जनमानस की उम्मीदो पर अच्छे कार्य किया जा सके ।विधायक भूलन सिंह मरावी को पार्षदों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नियम एवं शर्तों को हटाकर बिना नियम शर्तों के वार्डों में कार्य करने की अनुमति प्रदान किया जाए ताकि हम सब पार्षद स्वतंत्र रूप से अपने-अपने वार्डों में जनमानस के अनुरूप कार्य कर सके। ज्ञापन सौंपने वालों में नगर पंचायत बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, पार्षद क्रमशः अमरेश प्रसाद ,संजीत यादव, श्रीमती शकुंतला सोनी ,रविंद्र विश्वकर्मा ,देवकी देवी, माधुरी मंडल ,विनोद सरवटे ,रवि शंकर बउआ , संजीत यादव ,मालती तिग्गा ,अर्चना लकड़ा सहित सभी पार्षदों ने समवेत स्वर में अपने-अपने वार्डों में कार्य करने की स्वतंत्रता प्रदान करने की मांग की।

### पार्षद नीलम मिश्रा ने जनवरी 2020 से जनवरी 2025 तक सीएमओ से वार्ड में कराए गए कार्यों की जानकारी मांगी



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार )**-नगर पंचायत विश्रामपुर की वार्ड क्रमांक 10 की महिला नवनिर्वाचित पार्षद नीलिमा मिश्रा ने नगर पंचायत बिश्रामपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर जनवरी 2020 से जनवरी 2025 तक की पार्षद निधि से कराए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी मांगी। पार्षद श्रीमती नीलिमा मिश्रा ने अपने सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि वार्ड 10 में 2020 से 2025 के बीच छत्तीसगढ़ शासन से कितने राशि मिली और किन कार्यों में खर्च हुआ ,इसी प्रकार जनवरी 2020 से जनवरी 2025 तक किन-किन कार्यों के लिए मैनेजमेंट किया गया उसकी सत्यापित छाया प्रति जनवरी 2020 से जनवरी 2025 तक वार्ड क्रमांक में किए गए कार्यों के अलावा शेष बची राशि उसका उपयोग किन काम में किया गया यह संपूर्ण जानकारी सत्यापित प्रशन के साथ उपलब्ध कराई जाए।

### हिंदू नव वर्ष के स्वागत में दीपों से रोशन हुआ शहर

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** चैत्र नवरात्रि और हिंदू नव वर्ष के स्वागत में शहरवासियों ने अपने घरों में रंगोली बनाकर और दीप जलाकर उत्सव मनाया। साथ ही एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रियल च्वाईस ग्रुप डायरेक्टर डॉक्टर डॉ साहिल बंसल और टीम अग्रसार ने 25 सौ से अधिक घरों में दीपक, तेल व बाती का एक पैकेट बनाकर पूरे शहर में वितरण कर हिंदू नववर्ष की शाम दीप जलाने का आह्वान किया था। उनके अपील का असर ऐसा हुआ कि नगर के कोतरा रोड़, सुभाष चौक से गद्दी चौक, हटरी चौक, अग्रसेन चौक, एम जी रोड, गांधी गंज, बुजी भवन चौक,मंदिर चौक, इतवारी बाज़ार, पैलेस रोड, सदर बाज़ार, गौशाला एवं पूरा शहर के साथ पार्क एवेन्यू, फ्रेंड्स कॉलोनी के लगभग हर घरों में दीप प्रज्वलित कर नववर्ष का स्वागत किया गया। इस प्रकार भारतीय नववर्ष के आगमन की ख़ुशी में शहर में शाम 6 बजे हजारों दीपों के जगमगाहट से प्रकाशित हुआ। रियल च्वाईस ग्रुप और टीम अग्रसार द्वारा शहर में दीपक, तेल व बाती का एक पैकेट तैयार कर पूरे शहर में वितरण कर दीप जलाकर भारतीय नववर्ष का अभिनन्दन करने की तैयारी की गई थी। डॉक्टर डॉ साहिल बंसल ने बताया कि प्रथम वर्ष हिंदू नव वर्ष के स्वागत किए गए इस प्रयास का काफी अच्छा प्रतिफल मिला है। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष और भी भव्य तरीके से चैत्र नवरात्रि और हिंदू नव वर्ष का पर्व मनाएंगे। उन्होने बताया कि सनातन परंपरा के अनुसार हमारा नववर्ष चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से नवसंवत्सर आरंभ होता है ।

दैनिक
# विश्व परिवार
विचार-पक्ष
रायपुर शुक्रवार 04 अप्रैल 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संपादकीय

### देश का माहैल बिगाड़ने वालों पर सख्ती जरुरी

मुसलमानों को सरकारी ठेकों में चार फीसद आरक्षण देने के के कर्नाटक सरकार के फैसले का राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने विरोध किया है। संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने कहा भारतीय संविधान में धर्म आधारित आरक्षण स्वीकार्य नहीं है, जिसे भीमराव अंबेडकर ने तैयार किया था। संघ का निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के समापन के अवसर पर होसबोले ने कहा, ऐसा करने वाला कोई भी व्यक्ति हमारे संविधान निर्माता के खिलाफ जा रहा है। उन्होंने दोहराया कि पूर्व में अविभाजित आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र की तरफ से किए गए मुसलमानों के लिए आरक्षण के प्रयासों को उच्च न्यायालयों व उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया था। महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर उठे विवाद पर उन्होंने कहा औरंगजेब का महिमामंडन किया गया, उसका भाई दारा शिकोह का नहीं, जो सामाजिक सद्भाव में विश्वास रखने वाला शख्स था। भारत के मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों को आदर्श बनाने की बात करते हुए उन्होंने महाराणा प्रताप की सराहना की। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को केवल संघ की उपलब्धि न मानते हुए, उन्होंने इसे पूरे हिन्दू समाज की उपलब्धि बताया। हिन्दू संस्कृति व हिन्दू एकता के नाम पर वह अपनी विचारधारा पर जोर देते रहते हैं। गैर-राजनीतिक होने के बावजूद संघ के सदस्य राजनीति में सक्रिय रहते हैं। मौजूदा सरसंघचालक मोहन भागवत कहते हैं, संघ कार्य प्रणाली है और वह व्यक्ति निर्माण करती है। मगर मौजूदा राजनीति व मोदी सरकार पर संघ की विचारधारा की गहरी छाप स्पष्ट है। यहां असल सवाल समुदाय विशेष को दिए गए आरक्षण की नहीं है। अंबेडकर द्वारा तैयार किए आरक्षण को राजनीतिक दलों ने अपने तरीके से परिभाषित करने का तरीका ईजाद कर लिया है, जो अपने फौरी लाभ के लोभ में आरक्षण की घुट्टी पिला कर अपना मतलब निकालने में जुटी नजर आती हैं। बार-बार अदालत के हस्तक्षेप के बावजूद स्वयं केंद्र सरकार ने इसका कोई ठोस हल निकालने की जहमत नहीं की है। हकीकत में संविधान की रक्षा करने के लिहाज से, इतिहास तो किसी कीमत पर बदला नहीं जा सकता पर हमारी कोशिश होनी चाहिए कि समाज में सौहार्द बरकरार रहे। शांति भंग करने व देश का माहैल बिगाड़ने वालों पर सख्ती होनी चाहिए। संविधान की आड़ लेकर एकतरफा बात करना या इसका समर्थन करना कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता।

## आलेख

### लोकतंत्र का दिखावा बिखर रहा

श्रुति व्यास

क्या आपको एलेक्सी नवलनी याद हैं? वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए बड़ा खतरा बन गए थे। नतीजतन पुतिन ने नवलनी को मरवा दिया। और उसके बाद से पुतिन चैन की बंसी बजा रहे हैं। तुर्की में भी एक नवलनी उभरा है। वे इस्तांबुल के मेयर इकरम इमामोग्लु हैं, जिन्हें तुर्की के अगले राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष का उम्मीदवार माना जा रहा है। वे देश के 71 वर्षीय थके-मांदे राष्ट्रपति रजब तैयब इर्दोगान के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं। यही वजह है कि इर्दोगान ने 19 मार्च को इमामोग्लु को गिरफ्तार करवा दिया। उसी दिन 105 अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी के वारंट भी जारी किए गए, जिनमें इमामोग्लु के कुछ सलाहकार, उनकी रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) से जुड़े कुछ म्युनिसिपिल पदाधिकारी और शीर्षस्थ पत्रकार भी शामिल हैं। देखते ही देखते देश में अफरातफरी के हालात बन गए। देश राजनैतिक संकट में फंस गया। तुर्की के लोकतंत्र के लिए यह एक बड़ा खतरा है। इमामोग्लु के समर्थक सड़कों पर उतर आए। उन्होंने चक्का जाम किए और जिस थाने में उन्हें गिरफ्तारी के बाद ले जाया गया था, उसके सामने विरोध प्रदर्शन किया। ये विशाल प्रदर्शन पिछले एक दशक के दौरान हुए सबसे बड़ा प्रदर्शन था। इन हालातों में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया और 'दि इकोनोमिस्ट' के अनुसार तुर्की के अधिकारियों ने पुराना सोवियत नुस्खा अपनाया: ''जिसके खिलाफ कार्यवाही करनी हो, उसका नाम किसी न किसी अपराध से जोड़ दो''। पिछले तीन सालों के दौरान इमामोग्लु को कई जांचों और आरोपों का सामना करना पड़ा है, जो भ्रष्टाचार से लेकर उन चुनाव अधिकारियों के अपमान तक से संबंधित थे, जिन्होंने उन्हें 2019 में मेयर पद के चुनाव में जीत से महरूम रखने का प्रयास किया था। अब उन पर एक आपराधिक गिरोह का सरगना होने, एक आतंकवादी समूह की मदद करने, सरकारी ठेकों में रिश्वतखोरी और हेराफेरी आदि के कई प्रकार के आरोप लगाए गए हैं। तुर्की के अधिकारियों ने इस बात का खंडन किया है कि इमामोग्लु, जो राष्ट्रपति के प्रतिद्वंद्वी हैं, पर लगाए गए आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। इमामोग्लु बहुत थोड़े समय में ही राष्ट्रपति इर्दोगान और उनकी सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। उनके नेतृत्व में पिछले वर्ष स्थानीय चुनावों में विपक्ष ने जीत हासिल की। यह इर्दोगान और उनकी सत्ताधारी जस्टिस एंड डेव्लपमेंट (एके) पार्टी की बीस सालों से अधिक की अवधि में पहली हार थी। उस जीत के बाद से वे जनमत संग्रहों में इर्दोगान पर अच्छी खासी बढ़त बनाए हुए हैं और 2028 में होने वाले चुनाव, जिनके बारे में कहा जा रहे है कि वे निर्धारित समय के पहले ही करा लिए जाएंगे, में उनका राष्ट्रपति पद का विपक्ष का उम्मीदवार बनना लगभग तय माना जा रहा है। तुर्की का लोकतंत्र का मुखौटा हटता जा रहा है और वहां ऐसे हालात बनते जा रहे हैं जिनमें राजनैतिक प्रतिस्पर्धा लगभग असंभव होती जा रहा है। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि अंकारा के मेयर, जो राष्ट्रपति पद के एक अन्य संभावित दावेदार हो सकते हैं, को भी इमामोग्लु जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। लोकतंत्र का दिखावा बिखर रहा है और यह तुर्की की अर्थव्यवस्था पर भी बहुत बुरा असर डाल रहा है। तुर्की की मुद्रा लीरा, जो पिछले कुछ सालों में कमखर्ची और ब्याज में वृद्धि के चलते कुछ मजबूत हुई थी, की कीमत में इमामोग्लु की गिरफ्तारी के कुछ ही घंटों के भीतर डालर की तुलना में 12 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ गई। तुर्की पिछले कई सालों से आर्थिक संकट से जूझ रहा है जिसके चलते जीवन अधिक खर्चीला हो गया है, और जिसके कारण इन प्रदर्शनों के बहुत पहले से सरकार को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन अब तो इस्तांबुल की सड़कों पर अशांति है। लोगों के एकत्रित होने पर पाबंदी होने के बावजूद पिछले छ:ह दिनों से लगातार प्रदर्शन जारी हैं। दस पत्रकारों सहित 1100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस कार्यवाही से निवेशकों का भरोसा हिल गया है और यदि इर्दोगान, पुतिन की राह पर चलते रहे तो तुर्की को आर्थिक संकट का सामना तो करना ही पड़ेगा, वहां रूस जैसे हालात बन जाएंगे। इमामोग्लु का अंत भले ही निकट भविष्य में नवलनी जैसा हो या न हो, लेकिन यह तो पक्के तौर पर कहा जा सकता है कि उन विज्ञापनों के दिन लद गए हैं जिनमें तुर्की को पर्यटन और सैर-सपाटे के नए ठिकाने के रूप में प्रचारित किया जाता था। इसके उलट, देश अंधकार के रसातल में धंस सकता है।

# वक्फ़ संशोधनः मुस्लिम समुदाय के कल्याण हेतु पारदर्शी और जवाबदेह प्रबंधनके लिए आह्वान....

**हाजी सैयद सलमान चिश्ती द्वारा**
**गद्दी नशीन - दरगाह अजमेर शरीफ़**
**अध्यक्ष ङ्क चिश्ती फ़ाउंडेशन**



भारत के धार्मिक और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य के सामाजिक और बेहद विविध ताने-बाने में, वक्फ़ एक अत्यंत महत्वपूर्ण संस्था है, लेकिन यह अब तक पूर्ण क्षमता का उपयोग नहीं कर पाई है। इस्लामी आध्यात्मिक परंपरा में गहराई से समाई हुई यह वैधानिक इकाई भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बदलने की क्षमता रखती है। हालांकि, अपनी समृद्ध विरासत और विशाल भूमि संपत्तियों के बावजूद, वक्फ़ अक्षमताओं, कुप्रबंधन और पारदर्शिता की कमी की वजह से पिछड़ गया है। यह वास्तव में विरोधाभासी है कि भारत में तीसरी सबसे बड़ी भूमि स्वामित्व वाली इकाई के रूप में वक्फ़ एक ऐसे समुदाय की देखरेख करता है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक-आर्थिक उत्थान के मुद्दों से जूझ रहा है। सदियों पहले स्थापित वक्फ़ का मूल उद्देश्य मुस्लिम समुदाय के लिए स्कूल, अस्पताल, पुस्तकालय और अन्य परोपकारी संस्थानों की स्थापना और देखरेख करना था। यह चिंता का विषय है कि इतना विशाल संसाधन आधार होने के बावजूद इन्हें समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी रूप से उपयोग में नहीं लाया जा रहा है। प्रस्तावित उम्मीद वक्फ़ विधेयक संशोधन का उद्देश्य वक्फ़ को परेशान करने वाले कुछ पुराने मुद्दों को संबोधित करना है। ये सुधार अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि मुस्लिम समुदाय में व्यापक रूप से यह सहमति बन चुकी है कि वक्फ़ संपत्तियों का दुरुपयोग हुआ है। कई मुतवल्ली (संरक्षक), जो जिम्मेदारी निभाने योग्य नहीं हैं, इन संपत्तियों के कुप्रबंधन के जिम्मेदार रहे हैं। वक्फ़ बोर्ड की अक्षमताओं के कारण इन संपत्तियों का सर्वोत्तम उपयोग नहीं हो पाया है। वक्फ़ की वर्तमान स्थिति भारत में मुस्लिम समुदाय के सामने आने वाली व्यापक




चुनौतियों का प्रतिबिंब है। वक्फ़ संपत्तियों के प्रबंधन में जवाबदेही और पारदर्शिता की कमी ने अक्षमताओं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। मौजूदा वक्फ़ व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या वक्फ़ के स्वामित्व वाली संपत्तियों के लिए अप्रचलित किराया नीति है। इनमें से कई संपत्तियां दशकों पहले तय की गई दरों पर किराए पर दी गई हैं, अक्सर 1950 के दशक तक। न केवल ये किराए आज के बाजार दर से बेहद कम हैं, बल्कि यह मामूली किराया भी नियमित रूप से नहीं वसूला जाता है। यह स्थिति वक्फ़ संपत्तियों की अवैध बिक्री और बरबादी के आरोपों से और भी जटिल हो गई है, जिसने संभावित राजस्व को काफी हद तक नष्ट कर दिया है और जिसका उपयोग सामुदायिक कल्याण के लिए किया जा सकता था। इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण जयपुर शहर का सबसे केंद्रीय और प्रसिद्ध शॉपिंग स्ट्रीट है, जिसे एमआई रोड के रूप में जाना जाता है और जो सांगानेरी गेट से गवर्नमेंट हॉस्टल तक जाता है। बहुत से लोग नहीं जानते होंगे कि एमआई का मतलब मिर्जा इस्माइल रोड है। जयपुर में एमआई रोड पर स्थित कुछ संपत्तियां सामुदायिक और धार्मिक कार्यों के लिए वक्फ़ बोर्ड को दान कर दी गई हैं। बोर्ड इन संपत्तियों को किराए पर दे सकता है, लेकिन किसी को बेच नहीं सकता। एमआई रोड पर 100 वर्ग फीट से लेकर 400 वर्ग फीट तक की कई ऐसी व्यावसायिक संपत्तियां हैं, जिनका किराया 300 रुपये प्रति माह है, किराया नीति अद्यतन होने पर इनका किराया करीब 25,000 रुपये प्रति माह हो जाएगा। कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश के हर राज्य में ऐसी हजारों संपत्तियां हैं, जिनका उचित उपयोग नहीं किया जा रहा है। सच्चर समिति की 2006 की रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि वक्फ़ अपनी संपत्तियों से सालाना 12,000 करोड़ रुपये की आय का सृजन कर सकता है। हालांकि, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा किए गए हालिया सर्वेक्षणों से अब पता चलता है कि वक्फ़ संपत्तियों की वास्तविक संख्या 8.72 लाख से अधिक है। आज, मुद्रास्फीति और संशोधित अनुमानों को ध्यान में रखते हुए, संभावित आय सालाना 20,000 करोड़ रुपये तक हो सकती है। फिर भी, वास्तविक राजस्व 200 करोड़ रुपये ही है - जो पेशेवर और पारदर्शी प्रबंधन के साथ प्राप्त की जा सकने वाली आय का एक अंश है। सामुदायिक कल्याण में राजस्व सृजन और निवेश की संभावना बहुत अधिक है। यदि कुशलतापूर्वक प्रबंधित किया जाए, तो वक्फ़ संपत्तियां विश्व स्तरीय संस्थानों - स्कूल, विश्वविद्यालय, अस्पताल, और बहुत कुछ - की स्थापना के लिए धन दे सकती हैं, जो न केवल भारतीय मुस्लिम समुदाय, बल्कि बड़े पैमाने पर समाज की सेवा कर सकती हैं। यहीं पर हमें, भारतीय मुसलमानों के रूप में, कल्याण की अपनी समझ को व्यापक बनाना चाहिए। कल्याण का मतलब मुफ्त, खस्ताहाल संस्थान नहीं है, जो खुद को बनाए रखने के लिए संघर्ष करते हैं। इसके बजाय, हमें ऐसे संस्थानों के निर्माण की आकांक्षा करनी चाहिए, जो आत्म-निर्भर हों, समावेशी हों तथा ऐसे उच्च मानकों वाले हों कि वे सभी के लिए आकांक्षापूर्ण बन जाएं। संयुक्त संसदीय समिति के सकारात्मक सुझावों के बाद उम्मीद वक्फ़ विधेयक संशोधनों में वक्फ़ विकास के उचित स्थान और दायरे के प्रति दूरदर्शी प्रतिबद्धता होनी चाहिए, जिससे मुस्लिम समुदाय का समग्र उत्थान हो सके। वक्फ़ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ़ परिषद (सीडब्ल्यूसी) के शासन और प्रशासन में सुधार करके यह विधेयक एक अधिक जवाबदेह और पारदर्शी व्यवस्था कायम करना चाहता है, जिससे समुदाय की बेहतर सेवा हो सके। लेकिन सुधार शासन तक ही तक ही नहीं रुकने चाहिए। वक्फ़ बोर्ड के विश्वसनीय प्रशासन को राजस्व सृजन के महत्वपूर्ण मुद्दे को भी संबोधित करना चाहिए। वक्फ़ संपत्तियों के किराया-ढांचे को संशोधित करके वर्तमान बाजार दरों के अनुरूप लाया जाना चाहिए, क्योंकि ऐसा करना वक्फ़ की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। इसके अलावा, इन संपत्तियों से उत्पन्न लाभ को वक्फ़ संस्था के मूल उद्देश्य के अनुरूप मुस्लिम समुदाय की कल्याणकारी परियोजनाओं में फिर से निवेश किया जाना चाहिए। अंत में, भारतीय मुसलमानों के रूप में, हमें यह पहचानना चाहिए कि वक्फ़ एक बहुत ही महत्वपूर्ण संस्था है, जिसे विफल नहीं होने दिया जा सकता। यह न केवल सामाजिक-आर्थिक विकास के मामले में, बल्कि समावेशिता और उत्कृष्टता की भावना को बढ़ावा देने के मामले में भी हमारे समुदाय की क्षमता को सामने लाने की कुंजी है। सुधार को अपनाकर और जवाबदेही की मांग करके हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वक्फ़ मुस्लिम समुदाय को लाभ पहुंचाने और व्यापक समाज में योगदान देने के अपने इच्छित उद्देश्य को पूरा करे। सुधार का समय अब आ गया है, और यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि वक्फ़ मुस्लिम समुदाय और हमारे देश में अच्छे कामों के लिए एक ताकत के रूप में अपनी क्षमता को मूर्त रूप दे। आइए हम सामुदायिक विकास पर फिर से ध्यान केंद्रित करें और उसमें शामिल हों तथा एक ऐसे भविष्य को बनाने की दिशा में काम करें, जहां वक्फ़ संस्थाएं सभी के लिए आशा, अवसर और समृद्धि की चमकती किरणें बन जाएं।

# न्याय पालिका की साख खराब

अजीत द्विवेदी


उच्च न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति और तबादले की मौजूदा कॉलेजियम प्रणाली की जगह क्या राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग यानी एनजेएसी का विकल्प ज्यादा बेहतर है? इस पर एक बार फिर बहस छिड़ी है। दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी की बरामदगी के बाद यह चर्चा शुरू हुई है। कहा जा रहा है इस तरह की घटनाओं से न्यायपालिका की साख खराब हो रही है। लोगों का भरोसा उठ रहा है और न्याय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। यह भी कहा जा रहा है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि कॉलेजियम प्रणाली के तहत जज ही जजों की नियुक्ति करते हैं। इसके बरक्स यह दलील दी जा रही है कि अगर जजों की नियुक्ति की यह आंतरिक प्रक्रिया समाप्त कर दी जाए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग बना कर उसके जरिए नियुक्ति हो तो अदालतों में भाई भतीजावाद भी बंद हो जाएगा और भ्रष्टाचार के मामले भी समाप्त होंगे। इससे न्यायपालिका की साख बहाल होगी। सुनने में यह तर्क बहुत अच्छा लग रहा है। किसी को यह बात अपील करेगी कि जज खुद ही जजों की नियुक्ति करते हैं तो वे क्यों नहीं अपने जानने वालों को या अपने रिश्तेदारों को तरजीह देंगे? पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया में एक खास किस्म के इकोसिस्टम के जरिए इस नैरेटिव को स्थापित किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट में जजों के बेटे, बेटियां या भाई, भतीजे ही जज बनते हैं। सुप्रीम कोर्ट के पिछले चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के हवाले से यह नैरेटिव ज्यादा मजबूती से प्रचारित हुआ। लोगों को बताया गया कि उनके पिता भी देश के चीफ जस्टिस रहे थे। ऐसा नहीं है कि न्यायपालिका की साख खराब करने वाला प्रचार सिर्फ नियुक्ति और भाई भतीजावाद तक सीमित है। पिछले कुछ समय से दक्षिणपंथी विचार वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए और दक्षिणपंथी विचार वाले कानूनी जानकारों के लेखों और भाषणों के जरिए सुनियोजित ढंग से न्यायपालिका को निशाना बनाया जा रहा है। फैसलों में देरी के हवाले दिए जा रहे हैं। अदालतों में लंबित मुकदमों को मुद्दा बनाया जा रहा है। लंबी छुट्टियों के लिए अदालतों को टारगेट किया जा रहा है। किसी जज या वरिष्ठ वकील के रिश्तेदार जज बनते हैं तो उसके हवाले कॉलेजियम प्रणाली को निशाना बनाया जा रहा है और अगर बीच में कहीं भ्रष्टाचार का कोई मामला आ गया तब तो पूरा सिस्टम ही न्यायपालिका पर टूट पड़ रहा है। याद नहीं आता है कि आजाद भारत में कभी न्यायपालिका इस तरह निशाने पर रही हो। तभी यह खटका होता, संदेह पैदा होता है कि आखिर अचानक न्यायपालिका को क्यों इतना निशाना बनाया जा रहा है? क्यों उसकी साख खराब की जा रही है? क्या विधायिका पर नियंत्रण, प्रतिबद्ध कार्यपालिका और प्रतिबद्ध मीडिया के बाद अब प्रतिबद्ध न्यायपालिका की जरुरत है? क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को पूरी तरह से कार्यपालिका या विधायिका के अधीन लाने की पृष्ठभूमि तैयार करने के लिए यह सब किया जा रहा है? जस्टिस यशवंत वर्मा प्रकरण के बाद जिस तरह से कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है और एनजेएसी की चर्चा शुरू हुई उससे संदेह और गहरा होता है। संसद के बजट सत्र के दौरान इस बात पर सहमति बनाने का प्रयास हो रहा है। सरकार और विपक्षी पार्टियों की साझा सहमति से विधायिका की सर्वोच्चता बनाने की बात हो रही है। सबको पता है कि भारत में विधायिका की सर्वोच्चता का मतलब कार्यपालिका की सर्वोच्चता होता है। भारत में अमेरिका या दुनिया के दूसरे लोकतांत्रिक देशों की तरह विधायिका पूरी तरह से स्वायत्त नहीं है। उसमें वही काम होता है, जो सरकार चाहती है। तभी विधायिका की सर्वोच्चता की बात संदेह पैदा करती है। कहा जा रहा है कि एनजेएसी या इस तरह का कोई अधिकरण बनेगा तो जजों द्वारा जजों की नियुक्ति का सिस्टम बंद होगा और एक स्वायत्त संस्था जजों की नियुक्ति करेगी। लेकिन सवाल है कि क्या एनजेएसी या ऐसी कोई भी संस्था स्वायत्त होगी या कार्यपालिका के नियंत्रण वाली होगी? यह भी सवाल है कि क्या जजों की नियुक्ति का मामला पूरी तरह से कार्यपालिका के हाथ में दिया जा सकता है? आज देश की बाकी तमाम संस्थाएं जिस तरह पूर्वाग्रह के साथ काम कर रही हैं, तमाम एजेंसियां और संवैधानिक वैधानिक संस्थाएं जिस तरह से राजनीतिक और वैचारिक विपक्ष को सरकार का दुश्मन मान कर उनके खिलाफ एकतरफा कार्रवाई कर रही है, क्या गारंटी है कि जजों की नियुक्ति वाला पैनल उसी अंदाज में काम नहीं करेगा और उसके बाद न्यायपालिका भी पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण में नहीं आ जाएगी? वैसे जजों की नियुक्ति का जो मौजूदा सिस्टम है उसमें भी सरकार की बड़ी भूमिका है। ऐसा नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम जिसका नाम भेज दे वह जज हो ही जाता है। सरकार जिसकी चाहे उसकी सिफारिश रोक सकती है। यहां तक कि दोबारा भेजी गई सिफारिशें भी रोकी जा सकती हैं। खुफिया सूचना के आधार पर सरकार सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिशें रोकती रही है। लोगों को ध्यान होगा कि कैसे सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस तीरथ सिंह ठाकुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने रोने लगे थे। हाथ जोड़ कर अनुरोध कर रहे थे कि कॉलेजियम की ओर से भेजी गई सिफारिशों को सरकार मंजूरी दे दे। कितनी बार सुप्रीम कोर्ट को चलती सुनवाई के बीच सरकार से कहना पड़ा है कि वह सिफारिशें लटकाए नहीं। लेकिन सरकार पास एक सीमित वीटो का अधिकार है, जिससे वह जजों की नियुक्ति की सिफारिशें रोक देती है।

अगर सरकार इससे भी ज्यादा अधिकार चाहती है, संपूर्ण वीटो चाहती है तो इसका मतलब है कि वह न्यायपालिका को नियंत्रित करना चाहती है। यह स्थिति कॉलेजियम के मौजूदा सिस्टम से ज्यादा खतरनाक हो सकती है।

# बदल रहा सरकारी स्कूल का प्रांगण

निखिल शर्मा

अंग्रेजी मीडियम में पढने् की व्यवस्था करना तथा हिंदी, अंग्रेजी व संस्कृत के कम्युनिकेशन स्किल को सुदृढ़ता से विद्यालय में लागू करने की अभी और आवश्यकता है, जिसके लिए विद्यालय स्तर पर अध्यापकों को आम सहमति से आगे बढने् की संभावनाएं तलाशनी होंगी। समय के साथ शिक्षा प्रणाली में आधुनिक तकनीक का समावेश न केवल आवश्यक है, बल्कि यह बच्चों के सीखने के अनुभव को भी बेहतर बनाता है। बच्चों को डिजिटल स्मार्टबोर्ड तकनीक मुहैया करवाना अच्छी दिशा में बढिया् कदम है हिमाचल के पुनर्गठन के बाद साक्षरता एवं शिक्षा में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं। 1996, 2006 की प्रोब रिपोर्ट में आम जनमानस की शिक्षा के प्रति प्रगति, बच्चों को विद्यालय में पढ़ाने की सजगता तथा अच्छी शिक्षा के लिए तत्परता दिखाई देती है। क्वॉलिटी एजुकेशन के मानक होना जरूरी है, जिनमें मूलभूत इंफ्रास्ट्रक्चर, अन्य विद्यालय स्तरीय सुविधाएं, विद्यालय एवं कक्षा का वातावरण, अच्छी एवं सकारात्मक सोच, विद्वान अध्यापक व उनका पढने्-पढ़ाने हेतु उपयुक्त एवं पर्याप्त समय, कक्षा में सीखने संबंधी विभिन्न गतिविधियां, डिजिटल स्मार्टबोर्ड प्रौद्योगिकी, नियोजित विद्यालय प्रबंधन, सुंदर ड्रेस कोड, मजबूत मूल्यांकन प्रणाली, डिजिटल लाइब्रेरी, समुदाय की सहायता, निरीक्षण एवं अनुश्रवण प्रमुख होते जा रहे हैं। इन सभी मानकों को हम विद्यालय के परिवेश में जितनी गहनता से उतारेंगे, उतनी ही अच्छी शिक्षा विद्यार्थियों में संप्रेषित होगी और उसे बच्चों के व्यवहार एवं अधिगम स्तरों में देखा जा सकता है। आधुनिक युग में माता-पिता के साथ-साथ विद्यार्थी भी अच्छी शिक्षा के लिए सजग हैं। जिस विद्यालय में यह सब स्टैंडर्ड हैं, वे भी वहीं पढ़ना पसंद करते हैं। इसलिए प्रत्येक विद्यालय को इन सभी मानकों को शुरू करने तथा इनमें निरंतरता बनाए रखने की आवश्यकता है और इन्हीं मानकों से बच्चे विद्यालय में प्रवेश लेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने हेतु केंद्र प्रायोजित योजना पीएम श्री प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया को 7 सितंबर, 2022 को मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया। इस योजना के तहत मौजूदा सरकारी स्कूलों को सुदृढ़ करके पीएम श्री स्कूल (पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) स्थापित करने का प्रावधान किया है। यह स्कूल एक आदर्श स्कूल के रूप में उभरेंगे और पड़ोस के अन्य स्कूलों को नेतृत्व भी




प्रदान करेंगे। पीएम श्री स्कूल अपने-अपने क्षेत्रों में स्कूल में न्यायसंगत, समावेशी और आनंदमय वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में नेतृत्व प्रदान करने के लिए वचनवद्ध हैं। इस योजना को प्राथमिक और प्रारंभिक विद्यालयों में बाला फीचर और जादुई पिटारा, प्री स्कूल शिक्षा में सहायता, बच्चों के अनुकूल फर्नीचर, आउटडोर खेल सामग्री आदि जैसे सभी घटकों को शामिल करके और माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के लिए फर्नीचर, पूरी तरह से सुसज्जित एकीकृत विज्ञान प्रयोगशाला/भौतिकी प्रयोगशाला, रसायन विज्ञान प्रयोगशाला/जीवविज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट कक्षाएं, कंप्यूटर लैब/आईसीटी लैब, अटल टिंकरिंग लैब, कौशल प्रयोगशाला, स्कूल नवोन्मेष परिषद, अच्छी तरह से सुसज्जित खेल सुविधाओं के साथ खेल का मैदान उपलब्ध कराकर कार्यान्वित किया जा रहा है। इसी तरह से राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल पूरी सुविधाओं से लैस होकर बनने वाले हैं। इससे पूर्व डीपीईपी, सर्व शिक्षा अभियान तथा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान ने भी विद्यालयों की दशा व दिशा सुधारी है और अब समग्र शिक्षा विद्यालय संचालन के लिए आवश्यक धन सामग्री जुटाने के साथ-साथ अध्यापक प्रशिक्षण, नवाचार, डिजीटल स्मार्ट अधिगम प्रौद्योगिकी तथा विद्यार्थियों के उन्मुखीकरण के कार्य कर रहा है। हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब पढ़ाई का तौर-तरीका बदल रहा है। यह बदलाव प्रदेश सरकार द्वारा गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए उठाए गए सार्थक कदमों के कारण हो रहे हैं। सरकारी स्कूलों में मुफ्त पाठ्य पुस्तकें, मुफ्त वर्दी योजना, पोषणयुक्त मध्याह्न भोजन, कौशल भत्ता, सीसीटीवी सुरक्षा और विभिन्न छात्रवृत्तियां उपलब्ध हैं। सरकारी स्कूलों में दाखिला बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग ने जागरूकता अभियान तेज किया है। परीक्षाओं के बीच शिक्षक अभिभावकों से संपर्क कर सरकारी स्कूलों की सुविधाओं के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इस दौरान उन्हें सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा और बेहतर सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में मिलने वाली बेहतर शिक्षा, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), सामाजिक जागरूकता शिविर, पर्यावरण संरक्षण, बच्चों का हेल्थ चेकअप, कैरियर काउंसिलिंग, नशा निवारण कार्यक्रम और मोबाइल के दुरुपयोग पर जागरूकता अभियान जैसी सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। सभी विद्यालय अपने-अपने विद्यालय के विज्ञापन सोशल मीडिया पर देकर विद्यालय का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं।

# बदलते परिवेश में जहां चिकित्सा पद्धतियों में बदलाव आया है वहीं नई नई बीमारियों ने जन्म लिया : मुनि श्री निर्वेगसागर जी महाराज



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** बदलते परिवेश में जहां चिकित्सा पद्धतियों में बदलाव आया है, वहीं नई-नई बीमारियों ने जन्म लिया है। उपरोक्त उदगार मुनि श्री निर्वेगसागर जी महाराज ने वर्धमान नगर भोपाल में प्रात:कालीन धर्मसभा में व्यक्त किये। मुनी श्री ने कहा कि पहले गांव का नाड़ी वैद्य नाड़ी पकड़कर रोग का पता लगा लेता था और साधारण वन औषधियों के माध्यम से रोग को ठीक कर दिया करता था आज एक एक रोग के विशेषज्ञ तैयार हो रहे है, तथा बीमारियां भी बड़ती जा रही है। आचार्य श्री ने मूकमाटी में लिखा है बाधक कारण का अभाव साधक कारण का सदभाव सो कार्य की निस्पत्ती किसी भी कार्य को संपन्न करने के लिये हमारे पास कितने अच्छे साधन हों यदि साधक कारण नहीं होंगे तो आप कार्य का निस्पादन नहीं कर सकते,उदाहरण देते हुये मुनि श्री ने कहा कि आप दीप प्रज्जवलन करना चाह रहे है दीपक में घी है,बाती है माचिस भी है लेकिन ऊपर पंखा चल रहा है तो आप दीप प्रज्वलित नहीं कर सकते दीप प्रज्वलन करना है तो सबसे पहले पंखा को बंद करना होगा उसी प्रकार आये हुये रोग का शमन हेतु सबसे पहले कारण कार्य व्यवस्था को समझना होगा।

पहले के जमाने में मां एक कुशल वैद्य हुआ करती थी बच्चे को जन्म दैना भी मां कष्ट को सहन करते हुये अपनी साधना को पूर्ण करते हुये बच्चे को जन्म दिया करती थी मुनि श्री ने कहा कि पहले की मां तेरह चौदह बच्चों को जन्म दैनै के उपरांत भी मां और बच्चे दौनों स्वस्थ रहते थे मुनि श्री ने उदाहरण देते हुये कहा कि आर्यिका ज्ञानमति माताजी को देख लो वह 12 बे नम्वर की संतान है, बंही संविधान निर्माता भीमराव अम्वेडकर 14 बे नम्वर की संतान थे

आजकल की माताऐं कष्ट को सहना ही नहीं चाहती वह तो सीधे पेट चीरकर बच्चे को निकलवाने के लिये तत्पर रहती है,इसलिये डाक्टर भी आपरेशन से बच्चों को निकलवाने की सलाह देते है बच्चा भी समय पूर्व हो रहा है तथा मां भी कष्टों को सहना नहीं चाहती इसीलिये बच्चे भी पूर्ण स्वस्थ नहीं हो पाते और मां भी अस्वस्थ बनी रहती है। मुनि श्री ने कहा किआने बाली पीड़ी को मजबूत देखना चाहते हो तो थोड़ा कष्ट को भी सहना चाहिये, बच्चों को सर्दी होती है तो दवाई बच्चा नहीं मां को दी जाती थी जैसे बच्चे को सर्दी हो रही है तो मां हल्दी सोंठ का दूध पीती थी मुनि श्री ने कहा कि आजकल बच्चे स्कूल से आते है वह बच्चों को फास्ट फूड देते हो और मैदा की वस्तुओं को खिलाओगे तो बीमारियों को गले लगाओगे मुनि श्री ने कहा कि आजकल की मां बच्चों को मोवाईल दे देती है और खाना बच्चों को ठूंसती रहती है यह उचित नही है बच्चो को प्यार से मां भोजन कराती है तो बच्चे बीमार नहीं पड़ते। कहावत है न कि मघा न बरसे भरे न खेत मां न परसे भरे न पेट।

मुनि श्री ने परिवार सुरक्षा वृत बताते हुये कहा कि जो स्त्री अपने बच्चों तथा परिवार के सदस्यों को स्वं भोजन पकाकर खिलाती है उसके पति एवं बच्चे कभी बीमार नहीं पड़ते मुनि श्री ने कहा कि भोजन में अभक्ष्य पदार्थों से बचें आजकल की मां बच्चों को फास्टफूड दैना प्रारंभ कर देती है और बच्चे बीमारियों को गले लगा लेते हैं।

**-अविनाश जैन**

# आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज की नूतन प्रतिमा का भव्य आगमन शीघ्र नगर में होगी विराजित



**प्रतापगढ़ ( विश्व परिवार )।** प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी महाराज की परंपरा के पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज प्रतापगढ़ में संघ सहित विराजित है। आचार्य संघ सानिध्य में आचार्य श्री शांति सागर जी की नूतन प्रतिमा का प्रतापगढ़ में भव्य आगमन हुआ।स्थान स्थान पर समाज ने पुष्प वृष्टि कर मंगल आरती उतारी इस अवसर पर आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने प्रवचन में बताया कि प्रतापगढ़ का सौभाग्य है कि आचार्य श्री शांति सागर जी का वर्ष 1936 ओर वर्ष 1939 का वर्षायोग प्रतापगढ़ में हुआ। तथा सिद्ध क्षेत्र श्री सम्मेद शिखर सहित उत्तर भारत में जैन धर्म की प्रभावना हेतु आचार्य संघ का मंगल विहार का संघ पति बनने का सौभाग्य प्रतापगढ़ के मूल निवासी मोतीचंद, गेंदन मल, दाडम चंद जवेरी परिवार को प्राप्त हुआ।जवेरी परिवार ने श्री सम्मेद शिखर जी तथा प्रतापगढ़ में भी पंच कल्याणक कराया। उत्तर भारत में बिहार कारण मुनि धर्म को नजदीक से जानने का अवसर सभी को मिला। नगर का नया रत्न मंदिर मिंडा परिवार ने बनाया। जैन धर्म तीर्थंकरों वीरों क्षत्रियों का धर्म है राजेश पंचोलिया अनुसार आचार्य श्री ने आगे बताया कि संत समागम से मिले संस्कार प्रेरणा से श्री मोतीचंद जी मुनि श्री सुबुद्धि सागर जी एवं श्री गेंदनमल मुनि श्री समाधि सागर जी बन कर आत्मा का कल्याण किया।गर्व की बात यही है कि साधुओं की तन मन एवं धन से सेवा पीढ़ी दर पीढ़ी आज भी निरंतर जारी हैं।प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी महाराज का आचार्य पद शताब्दी महोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है जो अक्टूबर 2024 से प्रारंभ होकर अक्टूबर 2025 तक निरंतर चलकर इसका समापन होगा।आचार्य श्री वर्धमान सागर जी की प्रेरणा से प्रतापगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज ने अतिशय क्षेत्र श्री शांतिनाथ में प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी महाराज की संगमरमर की नूतन प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प लिया। 3 अप्रैल को आचार्य श्री शांति सागर जी की नूतन प्रतिमा का आचार्य संघ सानिध्य में प्रतापगढ़ में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। प्रतिमा शीघ्र विराजित होगी।

**-राजेश पंचोलिया**

## संक्षिप्त समाचार

### फागोत्सव विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ सम्पन्न



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** श्री आदिनाथ महिला मंडल महारानी फार्म, गायत्री नगर द्वारा 1 अप्रैल, दोपहर 1 बजे आदिनाथ भवन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मंडल की मंत्री बीना टोंग्या ने अवगत कराया कि दीप प्रज्वलन कविता गोधा, कमला बिलाला, सुनीला झांझरी, लीला सोगानी, नीलू गंगवाल, संगीता डीमापुर, विमला छाबड़ा मोनिका गोधा द्वारा किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत-महिला मण्डल की कार्यकारिणी के पदाधिकारी विमला जैन, सरोज बाकलीवाल, सुमन सोगानी, ऊषा सेठी, बीना टोंग्या, रेखा झांझरी, सुनीला बाकलीवाल, उषा लुहाड़िया, अनीता बड़जात्या, संगीता बाकलीवाल, ज्योति शाह सीमा पाटोदी जैन मति जैन द्वारा किया गया। अलग-अलग थीम पर सदस्याओं द्वारा नृत्य किया गया एवं शिक्षाप्रद लघु नाटकाओं की झलकियां प्रस्तुत की गई जिसे सभी 250 से अधिक उपस्थित महिला सदस्यों ने सराहा। कार्यक्रम में डां मल्लिका द्वारा कुछ बीमारियों के संबंध में एवं उनसे से बचाव के बारे में वहां उपस्थित सदस्याओं को अवगत कराया गया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों को एवं हाउजी के सभी विजेताओं को महिला मंडल द्वारा पुरूस्कार प्रदान किया गया। **-उदयभान जैन**

### छठवीं सातवीं के छात्रों ने आठवीं के छात्रों को दी भावभीनी विदाई, कहा- आगे भी अच्छी पढ़ाई कर स्कूल का नाम रोशन करना



**आरंग ( विश्व परिवार )।** गुरुवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में कक्षा छठवीं, सातवीं के छात्रों ने आठवीं के छात्रों को तिलक चंदन लगाकर भावभीनी विदाई दी।इस अवसर पर बच्चों ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा हमने आप लोगों से बहुत कुछ सीखने को मिला।आगे भी अच्छी पढ़ाई-लिखाई कर माता-पिता, स्कूल व गांव का नाम रोशन करना। वहीं आठवीं के छात्रों ने भी अपना अपना विचार व्यक्त करते हुए स्कूल में अनुशासन में रहने को कहा। इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष हेमाराम परमार व सरपंच देवशरण धीवर, भिलाई की प्रधान पाठिका डार्थी तांडी व पंच प्रेमलाल साहू उपस्थित होकर बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दिए। साथ ही शालेय प्रबंधन व जनप्रतिनिधियों ने प्रधान पाठिका डार्थी तांडी का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान भी किया। वहीं छठवीं, सातवीं के बच्चों ने सभी को स्वल्पाहार व मीठा खिलाया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र पटेल पटेल ने किया। आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख के के परमाल ने किया।इस मौके पर शिक्षक देवऋषि पात्रे,अशोक चंद्राकर, सूर्यकांत चन्द्राकार, दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर प्रसाद साहू, शिक्षिका संगीता पाटले, स्वीपर यशवंत धीवर सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चो की उपस्थिति रही।

### 6 अप्रैल रामनवमी, रविवार को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** राज्य शासन के निर्देशानुसार रामनवमी के उपलक्ष्य में 6 अप्रैल दिन रविवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

# भगवान महावीर की मूर्ति की स्थापना के शिलान्यास से आगाज हुआ भगवान महावीर जन्म जयंती का






**लखनऊ ( विश्व परिवार )।** भगवान महावीर जिन्होंने जन-जन को दिया जियो और जीने दो का उपदेश। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जिनका जन्म कुंडलपुर नगरी जिला नालंदा बिहार प्रदेश में हुआ था।

प्रदेश सरकार ने जैन समाज की मांग को देखते हुए सन 2002 में भगवान महावीर की जन्म जयंती के उपलक्ष पर डालीगंज मुख्य मार्ग पर स्थित हाथी पार्क को भगवान महावीर पार्क करने का निर्णय लिया था तत्पश्चात उसमें लाल रंग के पत्थर की मूर्ति पद्मासन रूप में रखी गई थी जिसको 2012 में कुछ उपद्रवियों ने जगह-जगह तोड़ दिया था। जैन समाज ने अपने प्रयास से उस टूटी मूर्ति की जगह नई मूर्ति रखवाई लेकिन पुरानी मूर्ति की ठीक से रखरखाव न होने की वजह से लोग अक्सर उस पर अनर्गल तरीके से फोटो खिंचवाते थे। यह संदर्भ को संज्ञान में लेते हुए अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद-उत्तर प्रदेश प्रांत ने अपने प्रयासों से उस मूर्ति को राजस्थान से कारीगरों को बुलाकर के मरम्मत करवाई एवं आज 2 अप्रैल को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री माननीय श्री बृजेश पाठक जी, राज्य मंत्री श्री जसवंत सिंह सैनी, विधायक श्रीमान नीरज बोरा के तत्वाधान में उसी मेन मार्ग के मध्य रोड पर मूर्ति रखने के लिए शिलान्यास एवं पूजन कार्यक्रम रखा गया, जिसमें माननीय अतिथियों द्वारा पूजा विधि करने के उपरांत शिलान्यास किया गया। साथ में ही अवध जैन समाज की गौरव पूज्य गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी का भी कीर्ति स्तंभ यहाँ लगाया जाएगा क्योंकि पूज्य ज्ञानमती माता जी की कीर्ति पताका पूरे विश्व में उनके कार्यकलापों की वजह से फैली हुई है।

कार्यक्रम का शुभारंभ तनिषा जैन भक्ति नृत्य करके, स्वागत गीत सहादतगंज जैन महिला मंडल एवं याहियागंज जैन महिला मंडल की तरफ से सुंदर भजन का वाचन किया गया। गरिमामयी उपस्थित के रूप में अयोध्या से पीठाधीश स्वामी रविंद्रकीर्ति जी महाराज, युवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन प्रकाश जैन जी, चौक क्षेत्र के सभासद श्री अनु मिश्रा जी भी मौजूद रहे।

उपमुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि वह समय चला गया जब कुछ लोग अपनी खराब मानसिकता के कारण दूसरे समाज का अहित करते थे आज योगी युग में सभी समाज को सर उठाकर के जीने का अधिकार है। उद्बोधन के मध्य ही माननीय उपमुख्यमंत्री जी ने नीरज बोरा जी विधायक को निर्देश दिया कि तत्काल रूप से पार्क की कटी हुई लाइट एवं जो भी अवस्थाएं पार्क में चल नहीं उसको निश्चित रूप से ठीक करवाने का आग्रह किया।

मूर्ति के शिलान्यास के उपरांत दोनों सड़क के बीच में 10 फीट का स्टैंड सीमेंट एवं सरिया का बनवाया जाएगा जिस पर 8 फिट पद्मासन मूर्ति को स्थापित किया जाएगा। यह कार्य युवा परिषद के सदस्य श्री विशाल जैन आर्किटेक्ट के कुशल निर्देशन में संपन्न होगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदीश जैन, कैलाशचंद्र जैन, अमरचंद जैन, रितेश जैन, बंटी जैन, बच्चू जैन, नीतिश जैन, वीर कुमार जैन, शुभचंद जैन, श्री जैन धर्म प्रवर्धिनी सभा के अध्यक्ष विनय जैन, निधेश जैन, परमेन्द्र जैन, अंकुर जैन, तेजकुमार जैन, महावीर जैन गंगवाल, पारस, राजेश, शैंकी, प्रभात, अंकित जैन आदि लोग उपस्थित रहे। प्रोफेसर अभय कुमार जैन ने भी अपने उद्बोधन में शिक्षाप्रद बातें कहीं। मंच का संचालन सिद्धार्थ जैन ने किया। **-सिद्धार्थ जैन**

# कौशल्या माता विहार योजना : फ्लैट् की पूरी राशि जमा कर रजिस्ट्री नहीं कराने वालों के फ्लैट्स होगें निरस्त

## आरडीए पर देखरेख और सुरक्षा खर्च का बढ़ता बोझ



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कौशल्या माता विहार योजना (कमल विहार) में जिन आवंटितों ने फ्लैट्स की संपूर्ण राशि जमा करा दी किन्तु रजिस्ट्री करवा कर कब्जा नहीं ले रहे हैं। ऐसे आवंटितियों के फ्लैट्स निरस्त कर दिए जाएगें। ऐसे आवंटितियों को को रजिस्ट्री करवाने के लिए पहले सूचना दी जाएगी। यदि वे रजिस्ट्री नहीं करते हैं तो उनके फ्लैट्स निरस्त करने की कार्रवाई रायपुर विकास प्राधिकरण व्दारा की जाएगी। फ्लैट्स बन जाने के बाद प्राधिकरण को ऐसे आवंटितियों के फ्लैट्स की देखरेख व सुरक्षा में अतिरिक्त व्यय करना पड़ रहा है जिससे प्राधिकरण को हर महीने अतिरिक्त आर्थिक बोझ सहना पड़ रहा है।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने आज चार घंटे तक कौशल्या माता विहार योजना का सघन दौरा कर किया। उन्होंने तकनीकी, राजस्व शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों से फ्लैट्स की समस्याओं के बारे जानकारी ली। वे निवासरत लोगों के फ्लैट्स में गए और उनसे पूछा कि उन्हें यहां कोई समस्या तो नहीं है ? इस पर लोगों ने नालियों, सीपेज, साफ सफाई और स्ट्रीट लाईट नहीं जलने की समस्या बताई। जिस पर श्री कुमार ने तकनीकी अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्य सड़कों पर नियमित रुप से लाईट जले यह सुनिश्चित किया जाए। शिकायतकर्ता ने जो शिकायत की है उस स्ट्रीट लाईट को आज शाम से शुरु कर दें। उन्होंने निवासियों की मांग पर फ्लैट्स के पानी की पाईप लाईन में वाल्व लगाने का भी निर्देश दिया। जिन घरों में निर्माण की समस्याएं है उन्हें ठेकेदार के डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड़ के अन्तर्गत होने के कारण सुधार कार्य कराने का भी निर्देश दिया।

आरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने योजना के विभिन्न सेक्टरों में निर्मित फ्लैट्स का निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया तथा योजना में निर्मित ईड्ब्लूएस, एलआईजी फ्लैट्स के आवंटन की स्थिति, रिक्त फ्लैट्स, निवासरत फ्लैट्स की संख्या से भी अवगत हुए। अधिकारियों ने उन्हें बताया गया कि रिक्त फ्लैट्स का विक्रय विज्ञापन के माध्यम से किया जा रहा है। स्थल निरीक्षण के दौरान सेक्टर ङ्क 2 में निर्माणाधीन रोहाऊस के 32 मकानों का भी अवलोकन किया गया।

# महापौर अलका बाघमार और प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर ने विद्युत, यांत्रिकी अग्निशमन विभाग की समीक्षा बैठक ली




**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम के डाटा सेंटर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं विद्युत व यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर द्वारा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली गई।

बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारी ने बताया कि श्वद्गह्वद्य के कर्मचारी हड़ताल में होने के कारण शहर की विद्युत व्यवस्था वर्तमान में ज्यादा प्रभावित हुई है।इसकी गम्भीरता को समझते हुए विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए महापौर श्रीमती अलका बाघमार और विभाग के प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने आयुक्त से बात कर जल्दी से जल्दी इसका निराकरण करने के लिए नियमानुसार कलेक्टर दर पर या ठेके पर जिसमे जल्दी से कार्य पूर्ण हो, कुछ समय के लिए कर्मचारी विद्युत सडक बत्ती व्यवस्था हेतु नियुक्त करवाने आदेशित किया।और एजेंसी को निरस्त करने शासन को पत्र जारी कर विभाग को मेंटेनेंस कार्य के अनुमति मांगी जा रही है।जिससे बंद लाइट का मरमत जल्द से जल्द किया जा सके।आगामी समय पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था हेतु तैयारी करने के भी निर्देश दिए गए।

महापौर श्रीमती अलका बाघमार व प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर ने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु के मौसम को ध्यान में रखते हुए कर्मशाला अधीक्षक को बेहतर ढंग से नाला साफ सफाई की व्यवस्था बनाने के लिए सभी वाहनों को चालू हालत रखने निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा राज्य शासन में मैनपॉवर बढ़ाने के लिए पत्र प्रेषित करने के लिए कहा गया। उन्होंने ये भी कहा कि राज्य शासन में वाहनों की संख्या बढ़ाने के उपरांत ईंधन में ईंधन का भी व्यय बढ़ेगा जिसके लिए शासन से राशि की मांग करने हेतु पत्र जारी करने के लिए निर्देश।

प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर ने कहा पुरानी गाड़ियों की नीलामी हेतु नियमानुसार प्रक्रिया करने के निर्देश दिया।वाहन शाखा के समस्त कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा, जो वाहन शाखा के में पदस्थ है और दूसरे विभागों में भी कार्यरत हैं।बैठक के दौरान कार्यपालन अभियंता आरके जैन, सहायक अभियंता सुरेश केवलानी,सब इंजीनियर मांझी,कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद,बिजली विभाग के अभ्युदय मिश्रा,सूरज सारथी मौजूद रहे।

# एनआईटी रायपुर में दो दिवसीय द्वितीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड नेटवर्क सिक्योरिटी का हुआ शुभारंभ



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा 3 अप्रैल 2025 को दो दिवसीय द्वितीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एंड नेटवर्क सिक्योरिटी (आईसीसीआईएनएस-2025) का उद्घाटन किया गया। यह सम्मेलन कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस और नेटवर्क सुरक्षा के क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान, नवाचार और व्यावहारिक समाधानों के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। इस सम्मेलन में उन्नत एल्गोरिदम, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, ब्लॉकचेन और डेटा साइंस जैसे अत्याधुनिक तकनीकों पर चर्चा की जाएगी।

इस कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में छत्तीसगढ़ पुलिस के आईपीएस आईजी डॉ. ध्रुव गुप्ता मौजूद रहे, साथ ही, सम्माननीय अतिथि के रूप में एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एन. वी. रमना राव उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथियों के रूप में आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. सुमंत्र दत्त रॉय, एनआईटी रायपुर के डीन (एकेडमिक्स) प्रो. श्रीश वर्मा एवं एनआईटी रायपुर के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह भी मौजूद रहे। इस कांफ्रेंस के आयोजक सचिव डॉ. प्रीति चंद्राकर, डॉ. के. जयराम नायक और डॉ. कर्नाती मोहन हैं।

इस उद्घाटन समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगीत वंदे मातरम के साथ हुई। डॉ. ध्रुव गुप्ता ने अपने संबोधन में बताया कि वैश्विक स्तर पर डिजिटल तकनीकों का तेजी से विकास हो रहा है, लेकिन इसके साथ ही साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। नेटवर्क सुरक्षा की कमी एक बड़ी समस्या है। अपराधों का स्वरूप स्थान और समय के अनुसार बदलता रहता है। इसलिए, हमें स्थानीय समाधान विकसित करने की आवश्यकता है। इसके बाद डॉ. एन. वी. रमना राव ने कहा कि यह विषय वर्तमान युग में अत्यंत प्रासंगिक है। नई तकनीकों के आगमन के साथ-साथ नई चुनौतियाँ भी उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने बताया कि कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, एआई और डीप लर्निंग जैसी तकनीकों का उपयोग साइबर अपराध का पता लगाने और बेहतर नेटवर्क सुरक्षा प्रदान करने में किया जा सकता है। डॉ. प्रीति चंद्राकर ने आईसीसीआईएनएस सम्मेलन का संक्षिप्त परिचय दिया और सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में मशीन लर्निंग एल्गोरिदम, क्लाउड कंप्यूटिंग, क्वांटम सिमुलेशन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), स्मार्ट सेंसर आर्किटेक्चर, साइबर सुरक्षा और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकों पर देश-विदेश के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। यह सम्मेलन शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और उद्योग जगत के विशेषज्ञों को एक ऐसा मंच प्रदान करेगा, जहां वे नवीनतम तकनीकों और अनुसंधान पर चर्चा कर सकते हैं और भविष्य के लिए नवीन समाधान विकसित कर सकते हैं।

# जन्मकल्याणक निमित्त सेवा कार्य-तेयुप, रायपुर



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अपने त्रि-आयाम सेवा-संस्कार-संगठन के साथ सतत् गतिशील संस्था अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपने मानव सेवा हेतु कृत संकल्पित महनीय उपक्रम आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर जिसका संचालन रायपुर में तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा किया जाता है के माध्यम से जैन धर्म के 24 वें तीर्थकर भगवान महावीर के 2624 वें जन्मकल्याणक महोत्सव निमित्त समाज जनों के स्वास्थ्य की जांच नि:शुल्क रायपुर सकल जैन समाज समाहित भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति-2025 अंतर्गत आयोजित 15 दिवसीय आयोजन दिनांक 26 मार्च से 9 अप्रैल 2025 तक 3 टेस्ट प्रदान करते हुए की जा रही है। जिसका लाभ आज नौवें दिन दिनांक 03/04/2025 को Thyroid/Sugar/CBC-16 समाज जनों द्वारा लिया गया। जिसमें विशेष सहयोग लैब में कार्यरत सुषमा साह, प्रीती शर्मा का रहा। श्री संतोक जी गौतम जी विनय जी गुलगुलिया परिवार ने विशेष सहयोग किया। तेयुप से वीरेंद्र डागा, गौरव दुगड़, अंकित गोलछा, रिषभ बोथरा, निकुंज साचला कि सहभागिता रही। **-वीरेंद्र डागा**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

## नाबालिग से दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को गरियाबंद पुलिस ने भेजा जेल



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** मैनपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग से प्रेम प्रसंग के बहाने दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पीड़िता की मां ने थाना मैनपुर में शिकायत दर्ज कराई कि अगस्त 2024 में आरोपी गणेश सोरी (जाति कमार) ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और शादी करने का झांसा देकर अलग-अलग स्थानों पर शारीरिक शोषण किया। इस दौरान पीड़िता गर्भवती हो गई और फरवरी 2025 में जिला अस्पताल गरियाबंद में उसने एक बच्ची को जन्म दिया। जब परिजनों ने आरोपी से बेटी के साथ विवाह करने और बच्चे को अपनाने की बात कही, तो उसने इनकार कर दिया। इस पर पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की और आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366, 376(2)(ढ़) भादवि एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस गिरफ्तारी में मैनपुर थाना पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने नाबालिग के साथ अपराध करने वाले आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर न्याय की दिशा में अहम कदम उठाया।

## जंगली सुअर के हमले से महिला की मौत

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** अलग-अलग क्षेत्र में जंगली सुअर के हमले से एक अधेड़ महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, वहीं दूसरी ओर एक 60 वर्षीय बुजुर्ग घायल हो गया। जिला अस्पताल में उसका इलाज जारी है। नवागढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत कारीडोंगरी जंगल में आज सुबह 6 बजे के आसपास तीन महिलाओं के साथ हुम बाई नेताम भी महुआ फूल संग्रहण के लिए जंगल में गई थीं। इसी दौरान अचानक पीछे से जंगली सुअर ने हुम बाई नेताम के ऊपर हमला कर दिया। अन्य महिलाओं की मदद से जंगली सुअर को भगाया गया। जंगली सुअर के हमले से हुम बाई नेताम गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसकी जानकारी आसपास के लोगों एवं वन विभाग को सूचना दी गई। मौके पर विभागीय कर्मचारी पहुंच घायल महिला को 108 के माध्यम से जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान हुम बाई नेताम की मौत हो गई । दूसरी ओर सडक़ परसुली वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम लिमडीह निवासी 60 वर्षीय भगतराम भुजिया सुबह 6 बजे जंगल महुआ फूल संग्रहण के दौरान जंगली सुअर के हमले से घायल हो गया। जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया, वहीं सहायता राशि के रूप में इलाज के लिए एक हजार राशि दी गई। समाचार लिखे जाने तक दोपहर 2 बजे उपचार जारी है। उप वनमण्डलाधिकारी मनोज चंद्राकर ने बताया कि जंगली सुअर के हमले से मौत होने पर विभागीय 6 लाख देने का प्रावधान है। उक्त विभागीय प्रकरण के तहत तात्कालिक सहायता के रूप में मृतिका के परिजनों को 25 हजार दिया जाएगा , तत्पश्चात प्रकरण तैयार कर बाकी की राशि मृतिका के परिजनों को दी जाएगी।

# नियद नेल्लानार योजना : हर घर जल से बदलती गांवों की तस्वीर

### घोर माओवाद प्रभावित ग्राम तिम्मापुरम में जल जीवन मिशन बना वरदान

### ग्रामीणों को पेयजल संकट से मिला छुटकारा



**सुकमा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ श्रीमति नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। जल जीवन मिशन ने ग्रामीण भारत में हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का जो वायदा किया था, वह आज सुकमा जिले के गांवों में साकार हो रहा है। इस मिशन ने न केवल पानी की समस्या का समाधान किया है, बल्कि ग्रामवासियों के जीवन में आशा की नई किरण लेकर आया है। जिला मुख्यालय सुकमा से लगभग 135 किलोमीटर दूर कोंटा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गोंदपल्ली के आश्रित गांव तिम्मापुरम में जल जीवन मिशन के बेहतर क्रियान्वयन का एक जीवंत उदाहरण है। 39 घर में 265 ग्रामीणों की आबादी वाले इस गांव में पहले पेयजल का मुख्य स्रोत केवल हैंडपंप थे। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम तिम्मापुरम में 09 मीटर 5 हज़ार लीटर के 02 एवं 9 मीटर 5 हज़ार लीटर के 02 सोलर सिस्टम कुल 20 हज़ार लीटर के 2 सोलर टंकी लगे हुए हैं जिनसे सभी घरों में नल के माध्यम से पानी सप्लाई की जा रही है। तिम्मापुरम निवासी श्री बारसे सन्नू ने बताया कि घर में नल लगने से हमारा जीवन बहुत सरल हो गया है। गांव में जो हैण्डपंप है, उसमें बरसात में गंदा पानी निकलने की समस्या भी बनी रहती थी। जिससे बीमारी का खतरा रहता था। ऐसे में चलकर 4 किलोमीटर दूर दूसरे गांव जाने के बाद पानी मिल पाता था। गर्मी के दिनों में भू जल स्तर में गिरावट की समस्या के कारण हैण्डपंप के जल का स्तर नीचे चले जाने से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाता था। पहले दूर-दूर तक पानी लाने के लिए जाना पड़ता था लेकिन अब हमारे घर में ही नल लगने से साफ पानी मिल रहा है। गांव की निवासी श्रीमती जोगा बारसे बताती हैं कि जल जीवन मिशन हमारे गांव के लिए वरदान साबित हुआ है। हमें पेयजल और घरेलू उपयोग के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो जाता है। श्रीमती बारसे सन्नू, श्रीमती जोगा बारसे और सुश्री मारसे सहित गांव की अनेक महिलाओं ने जल जीवन मिशन के तहत् हर घर में नल कनेक्शन देने तथा पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुखिया श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## महुआ शराब बनाकर विक्रय करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 02.04.2025 को पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा तड़के सुबह एक साथ ग्राम रामपुर एवं धनगांव मे दबिश दिया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बनाते एवं बिक्री करते हुए 02 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से रूपए 50,600 कीमत मूल्य का 253 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया है। साथ ही प्रकरण में अवैध महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल 02 नग गैस सिलेंडर, 02 नग गैस चूल्हा एवं बड़े बर्तन (बांगा) आदि भी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# करन किरन डांसिंग स्टार की फिल्म मया बिना रहे नइ जाए का प्रदर्शन आज 4 अप्रैल से..

### प्रदेश मे 35 सिनेमाघरों व मल्टीप्लेक्स में प्रदर्शन

रायपुर...छत्तीसगढ़ी सिनेमा में पारिवारिक फिल्मएवीएम गाना ऑडियो वीडियो कंपनी के बैनर तले बनी फिल्म मया बिना रहे नइ जाए 4 अप्रैल से श्याम ,ष्द्वह्ल4 सेंटर मल्टीप्लेक्स रायपुर सहित 35 centers में प्रदेशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। निर्माता संतोष कुर्रे और उनके पुत्र दीपक कुर्रे के निर्देशन में बनी फिल्म में नायक करन एवं किरण पहले भी लगभग 200 हिट एल्बम गीतों में साथ नजर आ चुके हैं। निर्देशक दीपक कुर्रे को छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री का लंबा अनुभव जैसे कैमरा ,एडिटिंग ,डबिंग में काफी अच्छा अनुभव रहा है, इन्होने ब्लॉक बस्टर निर्देशक सतीश जैन के साथ सहायक के




रूप मे काम किया है। संगीतकार कैलाश मांडले ने फिल्म के गीतों को कर्णप्रिय बनाया है द्धश्च दर्शकों को बेहद पसंदआ रहा है।

निर्माता संतोष कुर्रे ने बताया कि करन-किरण की जोड़ी को एल्बम गीतों में दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला, जिसके चलते उन्होंने फिल्म बनाने की परिकल्पना की। फिल्म मे अदाकारी की है.करण किरण चौहान, सुमित्रा साहू पुष्पेंद्र सिंह मनोज जोशी, अंजलि चौहान, संगीता निषाद, भूपेश लिल्हारे, मायरा यदू, दीवाना पटेल, शशि रंगीला ,सरला गंधर्व चौहान, झरनेश यादव, शंकर झारिया, मुस्कान शर्मा, रितेश चौहान, पिंकी साहू, बबली कुर्रे अमर सिंह कुर्रे.

मया बिना रहे नइ जाए साफ-सुथरी, पारिवारिक ताने-बाने, और इमोशन्स से भरपूर फिल्म है। इसके शानदार गाने, दमदार अभिनय और बेहतरीन निर्देशन इसे खास बनाते. जो दर्शकों को बेहद पसंद आयेंगे.

# शहर में संचालित ऑटो/ ई-रिक्शा का किया जा रहा है नम्बरिंग एवं सत्यापन

**धमतरी(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार,उप पुलिस अधीक्षक यातायात सु मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में सुगम यातायात संचालन करने व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए शहर में संचालित होने वाले ऑटो/ई-रिक्शों का सत्यापन कर नम्बरिंग किया जा रहा है, जिससे ऑटो/ई-रिक्शा चालको का रिकार्ड यातायात पुलिस के पास उपलब्ध रहे, नम्बरिंग होने से शहर में बिना कागजात के चलने वाले ऑटो/ई-रिक्शा के चालको पर विधिवत कार्यवाही किये जाने के साथ ही यातायात को व्यवस्थित किया जा सके। आमजनों को सड़क दुर्घटना से बचाने व यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम छाती में यातायात जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें सउनि. चन्द्रशेखर देवांगन, प्रआर. जितेन्द्र कृदत्त के द्वारा जन चौपाल में आये ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बतायें कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण वाहन चालको के द्वारा यातायात नियमों का पालन नही करने से होता है। जैसे ओवर स्पीड से वाहन चलाना, रॉग साईड वाहन चलाना, शराब सेवन या अन्य नशा पान कर वाहन चलाना, वाहन चलाने के दौरान मोबाईल फोन का उपयोग करना, बिना संकेत दिये कही भी मुड जाना या रोड क्रास करना, दो पाहिया वाहन में बिना हेलमेट के तीन सवारी चलाना, सीट बेल्ट का उपयोग नही करना व मार्ग में लगे संकेत चिन्हों का पालन नही से दुर्घटना होती है। दुर्घटनाओं से बचने के लिए ओवर स्पीड, रॉग साईड, शराब सेवन, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, वाहन चालाने के दौरान मोबाईल फोन का उपयोग नही करना चाहिये की जानकारी देकर यातायात नियमों का पालन करने समझाईश दिया गया।

## सब्जी नर्सरी एवं खेती कार्यक्रम का दिया जा रहा प्रशिक्षण

**सुकमा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सुकमा में 26 मार्च से 10 दिवसीय सब्जी नर्सरी एवं खेती का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें कुल 17 प्रशिक्षणार्थीयों ने भाग लिया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को 02 अप्रैल 2025 को छत्तीसगढ़ शासन उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वनिकी विभाग कार्यालय पावारास सुकमा में विजिट करवाया गया। विजिट के दौरान सहायक संचालक उद्यान श्री हितेश नाग एवं उद्यान अधीक्षक श्री कमल गावड़े द्वारा सब्जी नर्सरी एवं खेती के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही फसल चक्र के बारे में बताया गया। इसके साथ ही श्री पाल सिंह राजपूत डीएसटी प्रशिक्षक एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य आरसेटी सुकमा से श्री एन मधुसूदन और श्री विरेन्द्र सिंह ठाकुर का कार्यक्रम में अहम योगदान रहा। विजिट के दौरान प्रशिक्षणार्थीयों ने उद्यान में खेती से संबंधित बहुत सी जानकारी प्राप्त की जिसके माध्यम से वे प्रशिक्षण के पश्चात् नई तकनीक से खेती कर अपने आय में बढ़ोतरी कर सकेंगे।

# डीएमएफके दुरुपयोग की कमिश्नर बिलासपुर करेंगे जांच पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने की है शिकायत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** आकांक्षी जिला कोरबा में जिला खनिज संस्थान न्यास ( डी एम एफ) फंड के दुरुपयोग को लेकर पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर की शिकायत पर केंद्र सरकार ने संज्ञान लेते हुए जांच की पहल की है। प्रधानमंत्री कार्यालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं खान मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली दोनों केंद्रीय कार्यालय से प्राप्त अलग-अलग शिकायत पत्र पर जिला खनिज संस्थान न्यास मद की राशि का दुरुपयोग करने संबंधी प्रकरण पर कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया गया है। केंद्रीय मंत्रालयों के प्राप्त निर्देश के परिपालन में संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म छत्तीसगढ़ शासन ने आयुक्त बिलासपुर संभाग को प्रकरण की नियमानुसार परीक्षण कराकर जांच प्रतिवेदन अभिमत समेत मांगा है। जिससे आने वाले समय में कोरबा जिले में डीएमएफ फंड का दुरुपयोग करने वालों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पूर्व गृह मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता ननकी राम कंवर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कोयला एवं खनिज मंत्री जी. किशन रेड्डी व अंतर सिंह आर्य केंद्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को शिकायत पत्र देते हुए मांग की गई थी कि कोरबा में जिला खनिज संस्थान न्यास मद की राशि का दुरुपयोग कर नियम विरुद्ध राशि का व्यय कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उनका आरोप है कि सोनालिका पुल के पास बनने वाले अंडर ब्रिज में 80 करोड़ रुपए का आबंटन कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान कोरबा के द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से किया गया है। एसईसीएल के कोयला चोरी भी अधिकारियों की मिलीभगत से कोरबा जिले में दीपका, कुसमुण्डा, गेवरा, सरायपाली, मानिकपुर, एसईसीएल कंपनी से किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन कोरबा के प्रशासनिक अधिकारी के मिली भगत से कोयले की लाखों टन की गड़बड़ी व प्रत्येक टन कोयला ट्रांसपोर्टिंग के पीछे कमीशन खोरी कोरबा जिला में जोरों से चल रही है। इसकी जांच के संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय भारत सरकार, कोयला मंत्री कार्यालय भारत सरकार सहित केंद्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के द्वारा ननकी राम कंवर के शिकायत पत्रों को संज्ञान में लेते हुए अलग-अलग जांच हेतु नोटिस जारी किया गया है। एसईसीएल के सभी कोयला खदान के जीएम व कलेक्टर कोरबा को पार्टी बनाते हुए केंद्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने नोटिस जारी किया है।

# कक्षा एक में प्रवेश से पहले आंगनबाड़ी के बच्चों के बनेंगे जाति प्रमाणपत्र, कलेक्टर ने एसडीएम को दिए निर्देश

### अप्रैल माह में दस्तावेजों का किया जाएगा संकलन, मई-जून में लगेंगे शिविर

### प्राथमिक और मिडिल स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए होगी डेस्क-बेंच की व्यवस्था



**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के ऐसे विद्यालय भवन जो टीन-शेड में संचालित हो रहे हैं, उन सभी स्थानों में नए स्कूल भवन बनाये जाएंगे। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि एक माह के भीतर विकास खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से टीन शेड वाले विद्यालयों, जर्जर भवनों की जानकारी, किचन शेड और शौचालय की आवश्यकताओं वाले विद्यालयों की जानकारी एकत्र कर प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने डीएमएफ से नए भवन बनाने की बात कही है। कलेक्टर ने प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए डेस्क-बेंच की व्यवस्था के संबंध में डीईओ को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाये। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के ऐसे बच्चे जो इस सत्र से कक्षा एक में जाने वाले हैं, उन विद्यार्थियों का जाति प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से 16 जून तक बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की डीपीओ को निर्देशित किया कि वे सीडीपीओ और सुपरवाइजरों की बैठक लेकर इस कार्य के लिए लाइनअप करें और आवश्यक दस्तावेजों का संकलन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी एसडीएम को अप्रैल-मई माह से जाति प्रमाणपत्र बनाने और 16 जून से पूर्व इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्रता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने एक माह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को जाँच कर जल्दी निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का फील्ड पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो, आमनागरिको की समस्याओं का निराकरण हो,इसके लिए अधिकारी फील्ड पर सभी की समस्याओं को सुने और उचित निराकरण करें। कलेक्टर ने पंचायत, कृषि,राजस्व से जुड़े प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सोमवार और मंगलवार को अनिवार्य रूप से मुख्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पटवारियों, सचिवों और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को मुख्यालय में निवास करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभाग के अधिकारियों को डीएमएफ अंतर्गत कार्यों का मासिक एक्शन प्लान बनाने और सड़क,पुल, स्वास्थ्य तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता तय कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय जाँच के लंबित प्रकरणों में डीईओ को फाइल पुटअप करने,एसडीएम और तहसीलदार को एक सप्ताह के भीतर प्रकरणों को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान, व्यवन्दन, आधार अपडेशन के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईआफिस अंतर्गत महत्वपूर्ण विभागों को योजनाओं के क्रियान्वयन और हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को जाति प्रमाणपत्र के कार्य में दस्तावेज नहीं होने पर परिवार के अन्य सदस्यों के दस्तावेज या ग्रामसभा में प्रस्ताव के आधार पर प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने आंगनबाड़ी केंद्र में आंतरिक विद्युतीकरण करने, नगरीय निकाय क्षेत्र में नए आंगनबाड़ी निर्माण के संबंध में डीपीओ को निर्देशित किया कि स्थल विवाद वाले आंगनबाड़ी केंद्र का स्थानीय स्तर पर निराकरण सुनिश्चित करें और निराकरण न होने पर संबंधित तहसीलदार से समन्वय करें।

## व्यापार समाचार

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 में 58.31 लाख से अधिक यूनिट्स की बिक्री दर्ज की

**रायपुरः** वित्तीय वर्ष के सफल समापन के साथ, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज मार्च 2025 के लिए अपनी बिक्री के आंकड़े जारी किए। मार्च 2025 में कंपनी की कुल बिक्री 4,27,448 यूनिट्स रही, जिसमें घरेलू बाजार में 4,01,411 यूनिट्स और 26,037 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। गौरतलब है कि एचएमएसआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 58,31,104 यूनिट्स की बिक्री की, जिससे 19% की सालाना वृद्धि (YoY ग्रोथ) दर्ज की गई। इसमें घरेलू बाजार में 53,26,092 यूनिट्स और 5,05,012 यूनिट्स का निर्यात शामिल है।

**एचएमएसआई की वित्तीय वर्ष 2025 की प्रमुख झलकियां :** इलेक्ट्रिक वाहनः होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में कदम रखते हुए ACTIVA e: और QC1 को पेश किया। इनकी बुकिंग 1 जनवरी 2025 से शुरू हुई और डिलीवरी मार्च 2025 से शुरू हो गई।

**भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025:** एचएमएसआई ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इनोवेटिव और सस्टेनेबल मोबिलिटी समाधानों की एक रोमांचक श्रृंखला प्रदर्शित की। कंपनी ने ACTIVA e: और QC1 की कीमतों की घोषणा की। इसके अलावा, CB300F फ्लेक्स-फ्यूल, होंडा का पोर्टेबल इलेक्ट्रिक स्कूटर Motocompacto, इलेक्ट्रिक रेसिंग गो-कार्ट औरहोंडा Po2er Pack Exchanger e: के साथ एडवांस बैटरी स्वैपिंग तकनीक भी प्रदर्शित की गई।

**OBD2B कंप्लायंट उत्पादः** अपने ग्राहकों को और बेहतर अनुभव देने के लिए एचएमएसआई ने Activa, Activa 125, Dio, Shine 100, Livo, Shine 125, SP125, Unicorn, SP160, Hornet 2.0 और NX200के OBD2B कंप्लायंट मॉडल्स को एडवांस फीचर्स के साथ लॉन्च किया।

# लर्निंग के भविष्य में आगे बढ़ने के लिए कैंब्रिज ने दक्षिण एशिया के स्कूलों के सम्मेलन का आयोजन किया

**नईदिल्ली।** कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड एसेसमेंट (कैंब्रिज) में इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप ने आज अपने दूसरे वार्षिक दक्षिण एशिया कैंब्रिज स्कूल्स सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें भारत, नेपाल, श्री लंका, भूटान, बांग्लादेश और मालदीव्स के 400 एजुकेटर्स, स्कूलों और वैचारिक नेतृत्वकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस क्षेत्र में कैंब्रिज योग्यता की बढ़ती मांग के साथ सम्मेलन में कैंब्रिज ने स्कूलों, टीचर्स, और लर्नर्स को तेजी से विकसित होते हुए शिक्षा के परिदृश्य में आगे बढ़ने में सहयोग देने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस सम्मेलन का आयोजन 2030 तक विश्व में 44 मिलियन नए टीचर्स की मांग की पृष्ठभूमि में किया गया। कैंब्रिज ने इस जरूरत को समझते हुए नए प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स एवं क्वालिफिकेशंस, अपस्किलिंग कोर्स, प्रि-सर्विस टीचर ट्रेनिंग और शॉर्ट-टर्म ई-लर्निंग मॉड्यूल्स द्वारा क्षेत्र के एजुकेटर्स को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया, ताकि इस क्षेत्र में टीचिंग की क्षमता का विकास हो सके। कैंब्रिज में ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप, रॉड स्मिथ ने क्षेत्र में उन स्कूल लीडर्स की सराहना की, जो पाठ्यक्रम और संसाधन तैयार करने के लिए कैंब्रिज के साथ काम कर रहे हैं और लर्नर्स को विश्व के लिए तैयार करने के उद्देश्य से नए इनोवेटिव प्रोग्राम पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''कैंब्रिज में हम लर्नर्स को तेजी से बदलती हुई दुनिया के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह उद्देश्य पूरा करने के लिए हम टीचर्स को प्रोफेशनल डेवलपमेंट में मदद करते हैं। हम मूल्यांकन के लिए डिजिटल परीक्षाएं पेश कर रहे हैं और लर्निंग के सुधार के लिए एआई का इंटीग्रेशन कर रहे हैं। दक्षिण एशिया शिक्षा में उत्कृष्टता का केंद्र बन रहा है। हमें नए प्रोग्राम्स, जैसे कैंब्रिज अरली ईयर्स और क्लाईमेट क्वेस्ट के निर्माण के लिए स्कूलों के साथ सहयोग करने पर गर्व है। यह प्रोग्राम इस क्षेत्र में शिक्षा के भविष्य को आकार देंगे। विनय शर्मा, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, इंटरनेशनल एजुकेशन, साउथ एशिया ने कहा, ''हम गुणवत्ता के सर्वोच्च मानकों को बरकरार रखते हुए अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा की उपलब्धता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम स्कूलों को लर्निंग, टीचिंग और मूल्यांकन के एक मजबूत आधार का निर्माण करने में समर्थ बनाते हैं। इस सम्मेलन द्वारा हम लर्नर्स को समर्थ बनाने के लिए मिलकर काम करने के नए तरीके खोज रहे हैं।

# एचडीएफसी बैंक को यूरोमनी प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड्स-2025 में 'भारत का सर्वश्रेष्ठ एचएनडब्ल्यू' चुना गया

**मुंबईः** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक को यूरोमनी प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड्स 2025 में 'भारत का सर्वश्रेष्ठ एचएनडब्ल्यू' चुना गया। ये पुरस्कार यूरोमनी पत्रिका द्वारा आयोजित किए गए थे। यूरोमनी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा है, एचडीएफसी बैंक अपने प्रमुख इम्पेरिया कार्यक्रम के माध्यम से भारत के उच्च निवल मूल्य (एचएनडब्ल्यू) खंड में गति का निर्माण जारी रखता है, जो एक प्रीमियम सेवा है जो व्यक्तिगत धन समाधान प्रदान करती है। इस पेशकश के केंद्र में एक ऐसा मॉडल है जहां धन संबंध प्रबंधक बैंक विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम करते हैं ताकि अनुकूलित निवेश और बैंकिंग सहायता प्रदान की जा सके। यूरोमनी ने आगे लिखा है, डिजिटल स्पेस में, बैंक ने हाल ही में स्मार्टवेल्थ प्लेटफ़ॉर्म पेश किया है, जो एक निवेश सेवा है जिसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर समृद्ध वर्ग तक कवरेज का विस्तार करना है। यह मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म ग्राहकों को पोर्टफोलियो को ट्रैक करने, निवेश करने और लक्ष्य-आधारित निवेश अनुशंसाओं तक पहुँचने की क्षमता प्रदान करता है। गेमिफ़िकेशन और सहज उपयोगकर्ता अनुभव को एकीकृत करके, स्मार्टवेल्थ बैंक की शोध क्षमताओं तक पहुँच को लोकतांत्रिक बनाता है, जिससे व्यापक ग्राहक आधार को स्वतंत्र रूप से सूचित वित्तीय निर्णय लेने का अधिकार मिलता है। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड - इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, प्राइवेट बैंकिंग, इंटरनेशनल बैंकिंग, डिजिटल इकोसिस्टम और बीएएस राकेश के सिंह ने कहा, हमें भारत के सर्वश्रेष्ठ एचएनडब्ल्यू के रूप में मान्यता मिलने पर गर्व है।

# पंजाब ने लखनऊ को 8 विकेट से रौंदा, प्रभसिमरन रहे मैच के हीरो




### अय्यर और अर्शदीप ने भी बिखेरा जादू

**लखनऊ (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 के 13वें मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को उनके ही घर में 22 गेंद बाकी रहते हुए 8 विकेट से हरा दिया है. इसके साथ ही पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर की कप्तानी में अपने दूसरे मैच में दूसरी जीत हासिल कर ली है. इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रभसिमरन सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला. इस में श्रेयस अय्यर टॉस जीत और ऋषभ पंत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया. लखनऊ की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 171 रन बनाए. पंजाब ने 16.2 ओवर में 2 विकेट गंवाकर 177 रन बनाकर आठ विकेट से जीत दर्ज कर ली. पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट अपने नाम किए. लखनऊ से जीत के लिए मिले 172 रनों के टारगेट का पीछा करने के लिए पंजाब की ओर से प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य ने पारी की शुरुआत की. आर्य 8 रन बनाकर चलते बने लेकिन सिंह ने धमाकेदार पारी खेलते हुए अर्धशतक लगाया. उन्होंने 23 बॉल में 6 चौके और 3 छक्कों के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया. प्रभसिमरन ने 34 बॉल में 9 चौके और 3 छक्कों के साथ 69 रनों की पारी खेली. प्रभसिमरन सिंह के अलावा श्रेयस अय्यर ने भी अर्धशतक लगाया. उन्होंने 30 बॉल में 3 चौके और 4 छक्कों के साथ नाबाद 52 रनों की पारी खेली. टीम के लिए नेहाल वढेरा ने 25 बॉल में 43 रनों का योगदान दिया, जिसमें 3 चौके और 4 छक्के शामिल थे. लखनऊ के लिए दोनों विकेट दिग्वेश राठी ने हासिल किया. इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के बल्लेबाज 171 रन ही बना पाए. टीम के लिए कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं लगा पाया. लखनऊ की ओर से सबसे ज्यादा रन निकोलस पूरन ने बाए. उन्होंने 30 बॉल में 5 चौके और 2 छक्कों के साथ 44 रनों की पारी खेली. उनके अलावा आयुष बडोनी 33 बॉल में 1 चौके और 3 छक्कों के साथ 41 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौट. पंजाब की ओर से सबसे ज्यादा विकेट अर्शदीप सिंह ने चटकाए. उन्होंने 4 ओवर में 43 रन देकर 3 विकेट हासिल किए.

# बाबर आजम का फ्लॉप होना जारी, पिछली 25 पारियों में नहीं लगा पाए हैं एक भी शतक

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** पाकिस्तान के सुपरस्टार खिलाड़ी बाबर आजम का इस समय खराब दौर चल रहा है. न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में वह सस्ते में पवेलियन लौट गए. टीम को उनसे काफी उम्मीदें थी. हालांकि 30 वर्षीय खिलाड़ी महज एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए. बाबर अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं. पिछली 25 वनडे पारियों में उनके बल्ले से एक भी सेंचुरी नहीं आई है. हैमिल्टन में न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान दूसरा ओडीआई खेला जा रहा है. इस मैच में बाबर आजम का बल्ला खामोश रहा. दाएं हाथ के बैटर केवल 3 गेंद खेलकर चलते बने. इस दौरान वह महज



एक ही रन का योगदान दे सके. जैकब डफी ने उनका शिकार किया. कीवी पेसर की एक उछाल भरी गेंद पर बाबर ने ऑफ साइड की तरफ शॉट खेलने का प्रयास किया. गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर दूसरी स्लिप में चली गई. वहां मौजूद हेनरी निकोलस ने कोई गलती नहीं की और इस कैच को लपक लिया. बाबर आजम के हालिया आंकड़े थोड़े निराशाजनक हैं. पाक बल्लेबाज पिछली 25 पारियों में कोई सैकड़ा नहीं जड़ सके हैं. उनका सर्वोच्च स्कोर 78 है. न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे के दौरान उन्होंने ये पारी खेली थी. बाबर ने इसके लिए 113 गेंदों का सामना किया. आखिरी बार उनके बल्ले से शतक 2023 एशिया कप के दौरान आया था. 30 वर्षीय धुरंधर ने नेपाल के विरुद्ध 131 गेंदों पर 151 रन बनाए थे. पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड टॉस हारकर पहले बैटिंग करने मैदान पर उतरी. पहले खेलते हुए उन्होंने निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 292 रनों का स्कोर खड़ा किया.

# 'वर्ल्ड हेल्थ डे' के मौके पर सिंटेक्स ने छत्तीसगढ़ में पेश किया 'स्मार्ट' टैंक, सुरक्षित वॉटर स्टोरेज सुनिश्चित कर बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में लिया एक महत्वपूर्ण कदम

**रायपुरः** वेलस्पन वर्ल्ड के अंतर्गत आने वाली कंपनी सिंटेक्स, जो भारत में गुणवत्तापूर्ण वॉटर स्टोरेज समाधानों का अग्रणी और विश्वसनीय निर्माता है, ने छत्तीसगढ़ में एक इनोवेटिव सिंटेक्स 'स्मार्ट' टैंक लॉन्च किया है। यह टैंक 100त्न फूड-ग्रेड वर्जिन प्लास्टिक से बना है, जो भारतीय परिवारों के स्वास्थ्य और बेहतर सेहत को प्राथमिकता देता है। भारतीय परिवारों की बजट-सम्बंधी आवश्यकताओं को समझते हुए, सिंटेक्स ने 'स्मार्ट' टैंक को किफायती मूल्य पर उपलब्ध कराया है, ताकि बेहतर क्वालिटी वाला वॉटर स्टोरेज समाधान छत्तीसगढ़ में हर परिवार की पहुंच में हो। बाजार में कई प्लास्टिक टैंक किफायती दरों पर उपलब्ध हैं, लेकिन उनमें से कई रीसाइकल्ड प्लास्टिक से बने होते हैं, जो सुरक्षा से समझौता कर सकते हैं और स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न कर सकते हैं। आमतौर पर खरीदार टैंक खरीदते समय उसकी कीमत, रंग या ब्रांड को तो देखते हैं, लेकिन यह नहीं जांचते कि वह टैंक किस प्लास्टिक से बना है और वह स्वास्थ्य के लिहाज़ से सुरक्षित है या नहीं। यही सबसे बड़ी चूक होती है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, रीसाइकल्ड प्लास्टिक से बिस्फेनॉल-ए (BPA), फ़्थैलेट्स, बेंजीन, फॉर्मल्डिहाइड जैसी हानिकारक रसायन निकल सकते हैं, जो स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं और कैंसर, प्रजनन संबंधी समस्याएं, श्वसन संबंधी विकार, त्वचा रोग, डीएनए क्षति जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकते हैं। यह जोखिम इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि रीसाइकल्ड प्लास्टिक की पिछली उपयोगिता और उत्पत्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं होती है। सिंटेक्स ने उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 'साफ, सेफ, सही' की अपनी प्रतिबद्धता के तहत अपने सभी टैंकों को 100त्न फूड-ग्रेड वर्जिन प्लास्टिक से बनाया है, और यही बात सिंटेक्स 'स्मार्ट' टैंक पर भी लागू होती है। यह टैंक जल सुरक्षा, शुद्धता और स्वच्छता को सुनिश्चित करता है, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य बेहतर होता है। 'स्मार्ट' टैंक की विशेष रूप से ऊँची डिज़ाइन इसे अधिक स्पेस-एफिशिएंट बनाती है, जिससे कम जगह में अधिक वॉटर स्टोरेज संभव होता है।

# आधार फेस ऑथेंटिकेशन से हुए 130 करोड़ से ज्यादा ट्रांजैक्शन : केंद्र सरकार




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के द्वारा विकसित किए गए आधार फेस ऑथेंटिकेशन सॉल्यूशन से ट्रांजैक्शन में बड़ी वृद्धि दर्ज की गई है और इस सिस्टम के जरिए हुए कुल लेनदेन में से 78 प्रतिशत अकेले वित्त वर्ष 2024-25 में दर्ज किए गए हैं। आधार फेस ऑथेंटिकेशन सॉल्यूशन को अक्टूबर 2022 में शुरू किया गया था। इसके माध्यम से अब तक करीब 130.5 करोड़ लेनदेन हो चुके हैं, जिसमें से 102 करोड़ वित्त वर्ष 2024-25 में दर्ज किए गए हैं। आईटी मंत्रालय ने बयान में कहा कि इसका बढ़ता उपयोग दिखाता है कि लोग इसे तेजी से अपना रहे हैं और आधार नंबर धारकों को इससे फायदा हो रहा है। अकेले जनवरी-मार्च अवधि में करीब 39.5 करोड़ फेस ऑथेंटिकेशन ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड किए गए थे। इसमें से अकेले मार्च में 15.25 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए हैं, जो इसकी तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को दिखाता है। मंत्रालय ने कहा, यह उपलब्धि फिनटेक, फाइनेंस और दूरसंचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में इस नए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन सिस्टम के प्रति बढ़ते विश्वास और स्वीकृति को दिखाती है। कई सरकारी सेवाएं लक्षित लाभार्थियों तक लाभ की सुचारू डिलीवरी के लिए इसका उपयोग कर रही हैं। साथ ही, पीएम आवास (शहरी), पीएम ई-ड्राइव, पीएम-जेएवाई, पीएम उज्ज्वला, पीएम किसान, पीएम इंटर्नशिप सहित कई प्रमुख योजनाओं में आधार फेस ऑथेंटिकेशन का उपयोग किया जा रहा है।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को दूसरे मैच में हराकर जीती वनडे सीरीज

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** न्यूजीलैंड ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में पाकिस्तान को हरा दिया है. इसके साथ ही न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने सीरीज जीत ली है. अब तीसरे मैच में उसके पास पाकिस्तान पर क्लीन स्वीप करने का मौका होगा. इस हार के साथ ही पाकिस्तान लगातार न्यूजीलैंड में न्यूजीलैंड क्रिकेट



टीम के साथ 12वां वनडे मैच हरा है. उन्होंने फरवरी 2011 में अंतिम मैच जीता है. हैमिल्टन खेले गए इस दूसरे मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 292 रन बनाए. पाकिस्तान की टीम 41.2 ओवर में 208 रनों पर आउट हो गई और 84 रनों से मैच हार गई. इस मैच में न्यूजीलैंड के लिए मिशेल हे ने 99 रनों की पारी खेली और मुहम्मद अब्बास 41 रनों का योगदान दिया. पाकिस्तान के लिए मोहम्मद वसीम और सुफियान मुकीम ने 2-2 विकेट हासिल की है. पाकिस्तान के लिए फहीम अशरफ ने 73 और नसीम शाह ने 51 रनों की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए. न्यूजीलैंड के लिए बेन सियर्स ने 5 और जैकब डफ़ी ने 3 विकेट हासिल किए. मिशेल हे को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला. उन्होंने कहा, %मेरे दिमाग में बिल्कुल भी (शतक) नहीं आया, मैं बस स्विंग कर रहा था. (अब्बास के साथ उनकी साझेदारी पर) हमने खेल को गहराई तक ले जाने की कोशिश करने के बारे में बहुत बात की. हमने सोचा कि अगर हम अंतिम समय में पहुंच गए तो हम थोड़ा नुकसान कर सकते हैं.

# फिजिक्सवाला ने जेईई एडवांस्ड और नीट छात्रों के लिए पेगासस कोर्स के साथ ऑफलाइन विस्तार किया

**भिलाई।** फिजिक्सवाला (पीडब्लू), एजुकेशन कंपनी, ने कक्षा 9 और 10 के छात्रों के लिए पेगासस कोर्स शुरू किया है, जो एक उच्च गति वाला प्रभावी लर्निंग प्रोग्राम है।, खासकर जेईई एडवांस्ड और नीट की तैयारी करने वालों के लिए। यह कोर्स चुनिंदा शहरों में उपलब्ध है, जिसमें भिलाई भी शामिल है। इस ऑफलाइन प्रोग्राम का मकसद शुरुआती तैयारी करवाना है, जिसमें ओलंपियाड ट्रेनिंग, रेगुलर प्रैक्टिस और टेस्टिंग का एक खास सेटअप दिया गया है। पेगासस कोर्स खास तौर पर छात्रों को प्रतियोगिता में सहायता देने के लिए तैयार किया गया है। यह सिर्फ उनके मौजूदा सिलेबस को कवर नहीं करता, बल्कि अगली कक्षा के सिलेबस का भी एक अच्छा हिस्सा शामिल करता है, ताकि उनकी अकादमिक नींव मजबूत हो सके।छोटे बैच साइज रखे गए हैं ताकि हर स्टूडेंट को पर्सनल अटेंशन मिल सके। हमारे फैकल्टी मेंबर्स संरचित लर्निंग एप्रोच के ज़रिए स्टूडेंट्स को गाइड करते हैं।इस कोर्स में हर दो हफ्ते में असेसमेंट और ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज (AITS) भी शामिल हैं, जिससे स्टूडेंट्स अपनी प्रोग्रेस ट्रैक कर सकें और उनके कॉन्सेप्ट्स मजबूत हों। साथ ही, टेस्ट देने की रणनीति को और बेहतर



बनाया जा सके।इसके अलावा, पेगासस कोर्स में ओलंपियाड वर्कशॉप्स भी दी जाती हैं, जो NSEJS (एनएसईजेएस) और IOQM (आईओक्यूएम) जैसे एग्जाम्स की तैयारी करवाने के लिए बनाई गई हैं। इनका मकसद स्टूडेंट्स की प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स को और निखारना है। पेगासस कोर्स की खासियत इसका आठ महीने का गहन रिवीजन प्लान है, जो खास तौर पर जेईई एडवांस्ड और नीट की तैयारी के लिए तैयार किया गया है। इस कोर्स में मेंटोरशिप, रियल-टाइम डाउट सॉल्विंग, और एग्जाम स्पेसिफिक स्ट्रैटेजीज के ज़रिए स्टूडेंट्स को संपूर्ण तैयारी अनुभव का मिलता है। फिजिक्सवाला (पीडब्लू) के सीईओ - ऑफ़लाइन, अंकित गुप्ता ने इस प्रोग्राम को लेकर अपनी सोच साझा करते हुए कहा, पीडब्लू में हम मानते हैं कि सही दिशा में की गई पढ़ाई और समय से पहले तैयारी, किसी भी स्टूडेंट की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पेगासस के ज़रिए, हम मेंटरशिप, गहन अभ्यास और एक केंद्रित शैक्षणिक माहौल के साथ स्टूडेंट्स की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारा मकसद है कि अच्छी शिक्षा को हर किसी के लिए सुलभ बनाया जाए और स्टूडेंट्स को अपने सपनों की तैयारी पूरे आत्मविश्वास के साथ करने के लिए सशक्त किया जाए। पीडब्लू की प्राथमिकता किफायती और प्रभावी ऑफलाइन शिक्षा पर है। हम अनुभवी टीचर्स, इनोवेटिव पढ़ाने के तरीके और रियल-टाइम स्टूडेंट सपोर्ट को मिलाकर एक बेहतर लर्निंग एक्सपीरियंस देने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि स्टूडेंट्स की पढ़ाई से जुड़ी परेशानियों को दूर किया जा सके।

## मुख्यमंत्री साय ने पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुप्रसिद्ध कवि, लेखक एवं पत्रकार पद्मभूषण पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती (04 अप्रैल) पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने पंडित माखन लाल चतुर्वेदी को स्मरण करते हुए कहा कि उनकी रचनाओं में प्रकृति प्रेम, त्याग, बलिदान और देशभक्ति का अनुपम संगम दिखाई देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित माखनलाल चतुर्वेदी ने अपनी प्रभावशाली लेखनी के माध्यम से जनमानस में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की और उन्हें स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

## छत्तीसगढ़ में निगम-मंडलों की सूची जारी

# संजय श्रीवास्तव, लोकेश कावड़िया, नीलू शर्मा समेत 36 अध्यक्ष, उपाध्यक्षों की हुई नियुक्ति

### छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष नियुक्त हुए राजा पांडेय





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश सरकार ने केंद्रीय गृहमंत्री के प्रवास के पहले निगम मंडलों की बहुप्रतीक्षित सूची जारी कर दी है। सरकार की तरफ से 36 मंडल-निगम के अध्यक्ष-उपाध्यक्षों के नाम तय किये गए है।

जारी सूची के मुताबिक शालिनी राजपूत को राज्य समाज कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष, चन्द्रकान्ति वर्मा को राज्य समाज कल्याण बोर्ड का उपाध्यक्ष, डॉ. वर्णिका शर्मा, अध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण आयोग, राकेश पाण्डेय, अध्यक्ष, खादी एवं ग्राम उद्योग, शम्भू नाथ चक्रवती, अध्यक्ष, माटी कला बोर्ड, सौरभ सिंह, अध्यक्ष, खनिज विकास निगम, अमरजीत सिंह छाबड़ा, अध्यक्ष, राज्य अल्पसंख्यक आयोग, सुरेन्द्र कुमार बेसरा, अध्यक्ष, विकास निगम, जितेन्द्र कुमार साहू, अध्यक्ष, राज्य तेलघानी विकास बोर्ड, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, अध्यक्ष, लौह शिल्पकार विकास बोर्ड, प्रहलाद रजक, अध्यक्ष, रजककार विकास बोर्ड, ध्रुव कुमार मिर्धा, अध्यक्ष, चर्मशिल्पकार बोर्ड, शशांक शर्मा- अध्यक्ष, संस्कृति परिषद और भरत लाल मटियारा को मछुआ कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है, **देखें सूची...**

| क्र. | नाम | पद | निगम / मण्डल/आयोग इत्यादि का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री भूपेन्द्र सवन्नी | अध्यक्ष | छ.ग. राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (केडा) |
| 2. | श्री लोकेश कावड़िया | अध्यक्ष | छ.ग. निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम |
| 3. | सुश्री मोना सेन | अध्यक्ष | छ.ग. राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड |
| 4. | श्री गौरीशंकर श्रीवास | उपाध्यक्ष | छ.ग. राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड |
| 5. | श्रीमती शालिनी राजपूत | अध्यक्ष | राज्य समाज कल्याण बोर्ड |
| 6. | श्रीमती चन्द्रकान्ति वर्मा | उपाध्यक्ष | राज्य समाज कल्याण बोर्ड |
| 7. | डॉ. वर्णिका शर्मा | अध्यक्ष | राज्य बाल संरक्षण आयोग |
| 8. | श्री राकेश पाण्डेय | अध्यक्ष | छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड |
| 9. | श्री शम्भू नाथ चक्रवती | अध्यक्ष | छ.ग. माटीकला बोर्ड |
| 10. | श्री सौरभ सिंह | अध्यक्ष | छ.ग. खनिज विकास निगम |
| 11. | श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा | अध्यक्ष | छ.ग. राज्य अल्पसंख्यक आयोग |
| 12. | श्री सुरेन्द्र कुमार बेसरा | अध्यक्ष | छ.ग. अंतव्यवसायी सहकारी वित्त एव विकास निगम |
| 13. | श्री जितेन्द्र कुमार साहू | अध्यक्ष | छ.ग. राज्य तेलघानी विकास बोर्ड |
| 14. | श्री प्रफुल्ल विश्वकर्मा | अध्यक्ष | छ.ग. लौह शिल्पकार विकास बोर्ड |
| 15. | श्री प्रहलाद रजक | अध्यक्ष | छ.ग. रजककार विकास बोर्ड |
| 16. | श्री ध्रुव कुमार मिर्धा | अध्यक्ष | छ.ग. चर्म शिल्पकार बोर्ड |
| 17. | श्री शशांक शर्मा | अध्यक्ष | छ.ग. संस्कृति परिषद |
| 18. | श्री भरत लाल मटियारा | अध्यक्ष | छ.ग. मछुआ कल्याण बोर्ड |
| 19. | डॉ. लखन लाल धीवर | उपाध्यक्ष | छ.ग. मछुआ कल्याण बोर्ड |
| 20. | श्री राजा पाण्डेय | अध्यक्ष | छ.ग. पाठ्य पुस्तक निगम |
| 21. | श्री राजीव अग्रवाल | अध्यक्ष | छ.ग. स्टेट इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड |
| 22. | श्री नीलू शर्मा | अध्यक्ष | छ.ग. पर्यटन मण्डल |
| 23. | श्री सुरेश कुमार चंद्रवंशी | अध्यक्ष | छ.ग. राज्य कृषक कल्याण परिषद् |
| 24. | श्री चन्द्रहास चन्द्राकर | अध्यक्ष | छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि. |
| 25. | श्री संदीप शर्मा | अध्यक्ष | छ.ग. राज्य खाद्य आयोग |
| 26. | श्री चंदूलाल साहू | अध्यक्ष | छ.ग. राज्य भण्डार गृह निगम |
| 27. | श्री अनुराग सिंह देव | अध्यक्ष | छ.ग. गृह निर्माण मण्डल |
| 28. | श्री केदार नाथ गुप्ता | अध्यक्ष | छ.ग. राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित रायपुर |
| 29. | श्री संजय श्रीवास्तव | अध्यक्ष | छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन (नागरिक आपूर्ति) |
| 30. | श्री नन्दकुमार साहू (नंदे साहू) | अध्यक्ष | रायपुर विकास प्राधिकरण, रायपुर |
| 31. | श्री रामप्रताप सिंह | अध्यक्ष | छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल |
| 32. | श्री योगेशदत्त मिश्रा | अध्यक्ष | छ.ग. श्रम कल्याण मण्डल |
| 33. | श्री श्रीनिवास राव मद्दी | अध्यक्ष | छ.ग. राज्य वित्त आयोग |
| 34. | श्री राम सेवक पैंकरा | अध्यक्ष | छ.ग. राज्य वन विकास निगम |
| 35. | श्री दीपक महस्के | अध्यक्ष | छ.ग. मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन लिमिटेड |
| 36. | श्री विकास मरकाम | अध्यक्ष | छ.ग. आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधी पादप बोर्ड |

## प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने 8 विशेषज्ञ चिकित्सकों और 31 चिकित्सा अधिकारियों के संविदा नियुक्ति आदेश जारी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी हेतु पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में में 31 चिकित्सा अधिकारियों (संविदा) व 08 विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) की पदस्थापना की गई है। जिससे त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. रितु बघमार जिला अस्पताल बलौदा बाजार-भाठापारा, डॉ. गौरव दानी जिला अस्पताल बेमेतरा, डॉ अशफाक हुसैन जिला अस्पताल दंतेवाड़ा, डॉ संतराम चुरेन्द्र व डॉ. ऋचा वर्मा की जिला अस्पताल दुर्ग, डॉ संजय कुमार सिंह जिला अस्पताल जांजगीर चांपा, डॉ मिलिंद मनोहर देवधर, शहरी सामुदायिक केन्द्र रायपुर व डॉ शिवम जायसवाल की जिला अस्पताल सूरजपुर में पदस्थापना की गई है।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दिल्ली स्थित अपने शासकीय आवास में गृह प्रवेश किया



**नई दिल्ली/रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने नवरात्रि के पावन अवसर पर नई दिल्ली स्थित अपने शासकीय आवास में विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद गृह प्रवेश किया। गृह प्रवेश समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू जी, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी, सांसद श्री संतोष पाण्डेय जी, श्री विजय बघेल जी, श्री चिंतामणि महाराज जी, श्री राधेश्याम राठिया जी, श्रीमती कमलेश जांगड़े जी, श्रीमती रूपकुमारी चौधरी जी, श्री महेश कश्यप जी, श्री भोजराज नाग जी सहित अनेक वरिष्ठ नेता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि नवरात्रि के पवित्र दिनों में गृह प्रवेश का अवसर मिला। उन्होंने माँ दुर्गा से देश, प्रदेश और जनता के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि यह नया निवास जनता की सेवा के लिए समर्पित रहेगा और उनके लिए हमेशा खुला रहेगा।

## उरकुरा-आरएसडी मेन लाइन पर दो वैगन उतरने की घटना में 7 सहायकों द्वारा एक्सीडेंट साइट पर सराहनीय कार्य




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के दिनांक 02 अप्रैल, 2025 को हावड़ा-मुंबई लाइन में उरकुरा-आरएसडी मेन लाइन पर 02 वैगन उतरने की घटना में 07 सहायकों (कुलियों) द्वारा एक्सीडेंट साइट पर सराहनीय कार्य किया गया।

सभी सहायकों द्वारा एक्सीडेंट साइट पर जल्द से जल्द रेल परिचालन चालू करने के लिए तत्परता से हर संभव मदद की गई। नि:स्वार्थ भाव से सहायकों ने एक्सीडेंट साइट पर उपस्थित रेल कर्मियों-अधिकारियों के साथ मिलकर बोगी को पटरी पर रखवाने और रेलवे ट्रैक पर बोगी के कल-पुर्जों को समायोजित करने में तकनीकी स्टाफ की मदद की रायपुर रेल मंडल का पूरा अमला वैगनो को पटरी रखने का कार्य कर रहा था।

उनके साथ रायपुर स्टेशन के सहायकों ने तन-मन से जुट कर कंधे से कंधा मिलाकर काम किया साथ ही साइट पर उपस्थित रेल कर्मियों के खान-पान की व्यवस्था में भी रेल कर्मियों का सहयोग किया सभी को चाय पानी खाना मिले इसके लिए भरसक प्रयास किया रायपुर स्टेशन के सहायक जे. वेंकटराव, उद्धवा कुमार, जनक राम साहू, आगर राम साहू, हेमंत कुमार साहू, रामेश्वर साहू, नीलचंद साहू ने रेल परिचालन के लिए भरसक मदद की।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी ने सहायकों द्वारा किए गए इस अभूतपूर्व कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की साथ ही उन्होंने बताया कि सहायक (कुली) हमारे रेल परिवार के सदस्य हैं जो हर आपातकालीन स्थिति में यात्रियों की हर संभव मदद करते है।

सहायकों ने बताया की उन्हें यह करके आत्म संतुष्टि मिली और रेलवे द्वारा उनके सहयोग लिए जाने पर प्रशंसा जाहिर की उन्होंने बताया कि रेल यात्रियों का सामान ट्रेन तक पहुंचना हमारा उत्तरदायित्व है। रेलवे एक्सीडेंट साइट पर मदद करके हमें नैतिक दायित्व भी पूर्ण करने का मौका मिला।

## रायपुर नगर निगम में जोन अध्यक्षों का चुनाव, इन 9 जगहों पर भाजपा की निर्विरोध जीत



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर नगर निगम में जोन अध्यक्षों के चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशियों की सूची जारी की है। भाजपा ने जोन 1 में गज्जू साहू, जोन 2 में सभापति सूर्यकांत राठौर, जोन 4 में मुरली शर्मा, जोन 5 में अम्बर अग्रवाल, जोन 6 में बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन 7 में श्वेता विश्वकर्मा, जोन 8 में प्रीतम सिंह ठाकुर, जोन 9 में गोपेश साहू और जोन 10 में सचिन मेघानी को प्रत्याशी बनाया है। कुछ देर में ये प्रत्याशी सभी औपचारिक प्रक्रिया पूरी करेंगे। ये सभी प्रत्याशी निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाएंगे। वहीं जोन 3 के अध्यक्ष का चुनाव कल होगा।

दरअसल, रायपुर नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों की संख्या कम है। ऐसे में कांग्रेस की ओर से किसी भी जोन अध्यक्ष के लिए में नामांकन ही दाखिल नहीं किया जा सकेगा। उनके महज 7 पार्षद जीतकर आए हैं। एक निर्दलीय पार्षद के कांग्रेस प्रवेश के बाद उनकी संख्या 8 हो गई। इस कारण 9 जोन में भाजपा के जोन अध्यक्ष निर्विरोध चुन लिए जाएंगे।

## पार्षद श्वेता विश्वकर्मा को नगर पालिक निगम जोन 7 के अध्यक्ष बनने पर वार्ड वासियों ने दी बधाई



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की रिकॉर्ड तोड़ जीत के बाद आज रायपुर नगर पालिक निगम के पार्षदों द्वारा सभी जोन के अध्यक्षों का चुनाव किया गया। जिसमें तात्यापारा वार्ड क्र.-36 की नवनिर्वाचित पार्षद श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा को जोन क्रमांक-7 का अध्यक्ष सर्वसम्मिति से चुना गया। नगरीय निकाय चुनाव जितने के पश्चात श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा को जोन-7 का अध्यक्ष बनाए जाने से वार्ड में काफी उत्साह का माहौल बन गया। सभी वार्ड वासियों एवं जोन के सभी कर्मचारी वार्ड पार्षद एवं जोन 7 की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा को बधाई देने पहुंचे और उनका स्मृति चिन्ह,बुके प्रदान कर अभिनन्दन किया और हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

जोन 7 की अध्यक्ष पार्षद श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा ने सभी जोन 7 के कर्मचारियों एवं वार्ड वासियों से सभी से मिलकर धन्यवाद देकर कहा कि वार्ड की समस्याओं, मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ चिकित्सा, शिक्षा, स्वच्छता, महिलाओं के लिए स्वरोजगार ट्रेनिंग प्रोग्राम,बच्चो के लिए समर कैंप,सुंदर गार्डन पहली प्राथमिकता होगी।

## छत्तीसगढ़ में फिर बदला मौसम का मिजाज, अगले 2 दिन के लिए बारिश का अलर्ट जारी

**रायपुर ( विसं )।** छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा संभाग में अगले दो दिनों तक बारिश और ओला गिरने की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के कई इलाकों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं. मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, अप्रैल का पहला सप्ताह ठंडक भरा रहेगा, जिससे तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिलेगी. हालांकि, सप्ताह के अंत तक मौसम साफहो जाएगा और दूसरे सप्ताह से फिर से गर्मी बढ़ने लगेगी.

दक्षिणी छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र तक बने चक्रवातीय दबाव के कारण यह बदलाव देखने को मिल रहा है. इस प्रभाव से प्रदेश में अगले 3-4 दिनों तक मौसम ठंडा और सुहावना रहेगा. मौसम विभाग ने 2, 3 और 4 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई है. 2 अप्रैल को सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, बिलासपुर, रायपुर, बलौदा बाजार, धमतरी, दुर्ग, बेमेतरा, राजनांदगांव, सुकमा, बीजापुर सहित अन्य जिले. 3 अप्रैल को कोरिया, मनेंद्रगढ़, बस्तर, कोंडागांव, कांकेर, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर आदि जिले। 4 अप्रैल को बस्तर, कांकेर, नारायणपुर, सरगुजा, गरियाबंद, धमतरी सहित अन्य जिले।

## कलेक्टर ने उद्योगपतियों से किया आह्वान, औद्योगिक नीति 2024-30 बेहतर, अधिक से अधिक करे निवेश



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सिविल लाईन, रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाऊस के कन्वेन्शन हॉल में औद्योगिक विकास नीति 2024-30, रैम्प तथा इज ऑफ डूईंग बिजनेस पर गुरूवार को संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने औद्योगिक विकास नीति 2024-30 पर शासन की मंशा तथा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये किये गये नवीन प्रावधानों पर विचार व्यक्त कर उद्योगपतियों को अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हमारी औद्योगिक नीति काफी अच्छी है, इसमें कई ऐसे प्रावधान है जो उद्योगों को बढ़ावा देने में सहयोगी है। ऐसी नीतियों से प्रदेश में सकारात्मक माहौल निर्मित होगा और उद्योग व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित उद्योगपतियों से उन्होंने कहा कि आप हमारी नीति का प्रदेश से बाहर भी प्रचार-प्रसार करे और व्यापार का ऐसा वातावरण बनाए कि छत्तीसगढ़ में ज्यादा से ज्यादा निवेश हो। कलेक्टर ने कहा की प्रशासन और इंडस्ट्रीज सेक्टर मिलकर ऐसा कार्य करेंगे कि छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति तेजी से हो, युवाओं को रोजगार मिले और हमारे प्रदेश का नाम पूरे देश में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाए। औद्योगिक विकास के लिए आप सभी को प्रशासन स्तर पर हर संभव सहयोग किया जाएगा।

कार्यशाला का आयोजन रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता, सीएसआईडीसी के कार्यपालक संचालक श्री आलोक त्रिवेदी व उद्योग संचालनालय से संयुक्त संचालक श्री शिव राठौर की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यशाला में रायपुर संभाग में स्थापित उद्योगों के प्रतिनिधि और सीए प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यशाला में केंद्र सरकार द्वारा एमएसएमई उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये जारी रैम्प स्कीम की विस्तृत जानकारी ईवाय की टीम द्वारा दी गई। साथ ही राज्य की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 पर विस्तृत परिचर्चा कर प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया।

इस कार्यशाला का आयोजन उद्योग विभाग द्वारा किया गया, जिसमें जिला व्यापार उद्योग केंद्र, रायपुर के मुख्य महाप्रबंधक के साथ गरियाबंद, धमतरी और महासमुंद के महाप्रबंधक उपस्थित रहे।

## बीजेपी स्थापना दिवस बाबासाहेब को होगा समर्पित : लक्ष्मी वर्मा




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 6 अप्रैल 1980 को बीजेपी का गठन हुआ था. हर साल 6 अप्रैल को बीजेपी स्थापना दिवस मनाती है. इस बार छत्तीसगढ़ में भाजपा 6 अप्रैल से 15 अप्रैल तक विभिन्न कार्यों के जरिए बीजेपी स्थापना दिवस मनाएगी. इस बार के आयोजन में बीजेपी बाबासाहेब के विचारों और उनकी जीवनी को गांव गांव तक पहुंचाएगी. इस आयोजन से पहले बीजेपी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है. संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर को लेकर बीजेपी ने कांग्रेस पर अटैक किया है और कांग्रेस पर बाबासाहेब के अपमान का आरोप लगाया है.

**कांग्रेस ने अंबेडकर का किया अपमान**- छत्तीसगढ़ बीजेपी की प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने इस आयोजन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उन्होंने इस प्रेस वार्ता में कांग्रेस पर एक के बाद एक कई गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को कांग्रेस ने लगातार अपमानित किया है.

**बीजेपी ने बाबासाहेब का हमेशा किया सम्मान**- बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि भाजपा स्थापना दिवस पर हम बीजेपी की तरफ से बाबा साहेब को किस प्रकार सम्मानित किया गया है. इसकी जानकारी लोगों को देंगे. गोष्ठी के जरिए लोगों को बीजेपी के अंबेडकर के प्रति किए गए कार्यों को हम बताएंगे. 6 अप्रैल से लेकर 15 अप्रैल तक भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन शहर से लेकर बूथ स्तर पर करने जा रही है. पार्टी के प्रमुख की पूजा अर्चना करके गांव गांव में जाकर पार्टी कार्यकर्ताओं के घर में झंडा फहराया जाएगा. इस दौरान गोष्ठी का आयोजन होगा. लोगों को अंबेडकर जी के बारे में बताया जाएगा. संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्म से लेकर उनकी मृत्यु तक के सफर को गोष्ठी के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा- लक्ष्मी वर्मा, बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष।

**6 अप्रैल से शुरू हो जाएगा आयोजन का दौर**- बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि 6 तारीख को भाजपा का स्थापना दिवस है लेकिन रामनवमी होने की वजहसे 6 और 7 अप्रैल को दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होगा. उसके बाद 8 और 9 अप्रैल को जिन जगहों पर नए कार्यकर्ता बने हैं ऐसे कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का आयोजन भी होगा. तीसरे चरण में 10 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान चलाया जाएगा. इस अभियान के तहत प्राचीन, सार्वजनिक और ऐतिहासिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाएंगे.

## जिला पंचायत सीईओ विश्वरंजन ने ग्राम पंचायत तुलसी नेवरा में पंचायत भवन का किया निरीक्षण

**रायपुर ( विसं )।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार विश्वरंजन ने जनपद पंचायत तिल्दा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद कार्यालय का जायजा लिया और उसके बाद पंचायत भवन एवं यूट्यूब स्टूडियो जाकर युवा इन्फ्लूएंसर्स से मुलाकात की। इस दौरान इन्फ्लूएंसर्स ने अपनी अपेक्षाएं और अपनी समस्याओं को जिला पंचायत सीईओ के समक्ष रखा। साथ ही जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत ताराशिव में कार्यरत महिलाओं से संवाद कर उनके कार्य के विषय में चर्चा किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
सफ़ेद दाग
(ल्यूकोडर्मा) का लेसर द्वारा ईलाज
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354